सत्यमेव जयते
Ministry of Urban Development

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2017

शहरी स्थानीय निकायों के लिए एक मार्गदर्शिका

स्वच्छ भारत मिशन

स्वच्छ सर्वेक्षण 2017

शहरी स्थानीय निकायों के लिए

मार्गदर्शिका

स्वच्छ भारत मिशन

प्राक्कथन

एम. वेंकैया नायडू

शहरी विकास, आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन तथा संसदीय कार्य मंत्री

महात्मा गांधी के 150 वें जन्मदिन पर उन्हें श्रद्धांजलि के क्रम में, भारत ने 2 अक्टूबर 1919 तक खुले में शौच मुक्त और स्वच्छ बनने का प्रण लिया है। 2 अक्टूबर 2014 को आरंभ किये गये स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के अंतर्गत इस उद्देश्य की प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है, जो धीमी लेकिन सधी गति से इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य की तरफ गतिमान है और धीरे धीरे यह क्रम जनांदोलन का रूप लेता जा रहा है।

एसबीएम लागू करने के लिए मेरा मंत्रालय एक बहुआयामी रणनीति प्रयोग कर रहा है। राज्यों और शहरों को शक्तियां देकर और उनकी क्षमताओं में बढ़ोतरी करके ऐसा वातावरण बनाया जा रहा है, कि वे अपने स्तर पर एसबीएम लागू करने के लिये तत्पर हो सकें। इसके साथ ही नागरिकों और अन्य भागीदारों कों भी स्वच्छ भारत मिशन में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने के लिये उत्साहित किया जा रहा है। इस क्रम में, मेरे मंत्रालय ने स्वच्छ सर्वेक्षण की एक महत्वपूर्ण पहल की है जो इन दोनों उद्देश्यों की पूर्ति करती है। इसके तहत एक सर्वेक्षण आयोजित किया गया जिसके द्वारा शहरों को स्वच्छता और आरोग्यता के विभिन्न मापदंडों पर श्रेणीबद्ध किया गया। स्वच्छ सर्वेक्षण का पहला चरण देश के 73 चोटी के शहरों में चलाया गया । इस पहल की सफलता से उत्साहित होकर अब हम जनवरी 2017 में देश के 1 लाख से ज्यादा आबादी वाले 500 शहरों में स्वच्छ सर्वेक्षण का दूसरा चरण शुरू करने जा रहे हैं।

इस बार हम और अधिक अग्रसक्रिय (proactive)रहने की सोच रखते हैं। हमने शहरों के लिये विभिन्न स्तरों पर क्षमता निर्माण की पहल करने की योजना बनायी है, ताकि ये शहर सर्वेक्षण के दौरान बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी तरह शक्ति संपन्न और तत्पर हो सकें। इस क्रम में मैं स्वच्छ सर्वेक्षण की यह मार्गदर्शक पुस्तिका देख कर प्रफुल्लित हूं, जो मेरे विश्वास के अनुसार शहरों की अपनी तैयारी के लिए आशु परिकलक (ready reckoner) में बहुत सहायक सिद्ध होगी और सेवाएं मुहय्या कराने के स्तर तक कदम आगे बढ़ाएगी, ताकि सर्वेक्षण में ये शहर उच्च अंकों का प्रदर्शन कर सकें।

मैं इस आयोजन में भाग ले रहे सभी शहरों को 2017 के स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए शुभकामनाएं देता हूं और आशा करता हूं कि वे इस मार्गदर्शक पुस्तिका का सर्वश्रेष्ठ संभावित उपयोग करके अपनी क्षमताओं का निर्माण करेंगे।

आइए भारत को स्वच्छ बनाने के लिए हम सब एकजुट होकर प्रयास करें ताकि वर्ष 2019 तक हम स्वच्छ भारत अभियान का लक्ष्य प्राप्त कर सकें।

शब्द संक्षिप्तीकरण (Abbreviations) सूची

एडीबी(ADB)	एशियन डेवलपमेंट बैंक
एईपीएल(AEPL)	अहमदाबाद एनवायरो प्रोजेक्ट लिमिटेड
एएमसी(AMC)	अहमदाबाद म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन
एएमआरयूटी(AMRUT)	अटल मिशन फॉर रिजुवनेशन ऐन्ड अर्बन ट्रान्सफॉरमेशन
बीएमएफजी(BMFG)	बिल ऐन्ड मेलिन्डा गेट्स फाउन्डेशन
बीएसएनएल(BSNL)	भारत संचार निगम लिमिटेड
सीऐन्डडी (C&D)	कन्सट्रक्शन ऐन्ड डिमॉलिशन
सीबीओ(CBO)	कम्युनिटी बेस्ड ऑर्गेनाइजेशन
सीसीआरएस(CCRS)	कॉम्प्रेहेन्सिव कम्पलेंट रिड्रेसल सिस्टम
सीएसआर(CSR)	कॉरपोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी
सीटी(CT)	कम्युनिटी टॉयलेट
डीजीएसऐंडडी(DGS&D)	डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सप्लाइज ऐन्ड डिस्पोजल्स
डीपीआर(DPR)	डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट
डीटीडी(DTD)	डोर टू डोर
ईडीएमसी(EDMC)	ईस्ट डेलही म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन
एफसी(FC)	फाइनेंस कमीशन
जीआईजेड(GIZ)	डचेज गैजेलशाफ फर इंटरनेशनल जुसामनरबेत गोल गवर्नमेंट ऑफ इंडिया
जीपीएस(GPS)	ज्योग्राफिक इनफॉरमेशन सिस्टम
जीआर(GR)	गवर्नमेंट रिजॉल्यूशन
जीवीएमसी(GVMC)	ग्रेटर विशाखापटनम म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन
आईसीटी(ICT)	इनफॉरमेशन ऐन्ड कम्युनिकेशन्स टेकनॉलॉजी
आईईसी / बीसीसी(IEC/BCC)	इनफॉरमेशन एजुकेशन ऐन्ड कम्युनिकेशन धबिहैवियर चेंज कम्युनिकेशन (आईईएलएसएल)
आईएल ऐन्ड एफएस(IELSL IL&FS)	एनवायरनमेंटल इन्फ्रास्ट्रक्चर ऐन्ड सर्विसेज लिमिटेड
आईएचएचएल(IHHL)	इन्डिविजुअल हाउसहोल्ड लैट्रिन
आईटी(IT)	इनफॉरमेशन टेक्नॉलॉजी
जेआईसीए(JICA)	जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी
एमसी(MC)	म्यूनिसिपल कमिश्नर
एमसीडी(MCD)	म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन ऑफ डेलही
एमईपीएमए(MEPMA)	मिशन फॉर एलिमिनेशन ऑफ पॉवर्टी इन म्यूनिसिपल एरियाज
एमओयू(MoU)	मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग
एमओयूडी(MoUD)	मिनिस्ट्री ऑफ अर्बन डेवलपमेंट
एमटीएनएल(MTNL)	महानगर टेलिफोन निगम लिमिटेड
एनएआरसी(NARC)	नेशनल ऐडवाइजरी ऐन्ड रिव्यू कमेटी
एनजीओ(NGO)	नॉन गवर्नमेंट ऑर्गेनाइजेशन
एनआईएससीआई(NISCI)	नेशनल इनफॉर्मेटिक्स सेंटर सर्विसेज Inc
ओऐन्डएम(O&M)	ऑपरेशन ऐन्ड मेंटिनेंस
ओडी(OD)	ओपेन डेफिकेशन
ओडीएफ(ODF)	ओपेन डेफिकेशन फ्री
ओएमआर(OMR)	ऑप्टिकल मार्क रिकग्निशन
ओएसएस(OSS)	ऑन साइट सिस्टम
पीसीएमसी(PCMC)	पिंपरी चिंचवाड नगर निगम
पीडीए(PDA)	पर्सनल डिजिटल असिस्टेंस

पीजीआरएस(PGRS)	पब्लिक ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम
पीएमसी(PMC)	पुणे म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन
पीपीपी(PPP)	पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप
पीटी(PT)	पब्लिक टॉयलेट
आरएफ(RF)	रेडियो फ्रीक्वेंसी
आरएफआईडी(RFID)	रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन
आरएफपी(RFP)	रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल
एसबीएम(SBM)	स्वच्छ भारत मिशन
एसडीएमसी(SDMC)	साउथ डेलही म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन
एसएचजी(SHG)	सेल्फ हेल्प ग्रुप
एसएमसी(SMC)	सूरत म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन
एसएमएस(SMS)	शॉर्ट मेसेज सर्विस
एसडब्ल्यूएसीएच(SWaCH)	सॉलिड वेस्ट कलेक्शन ऐन्ड हैंडलिंग
एसडब्ल्यू एम(SWM)	सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट
टीपीएम(TPM)	टाइम प्लेस मूवमेंट
यूआईडीएआई(UIDAI)	यूनिक आईडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया
यूएलबी(ULB)	अर्बन लोकल बॉडी
यूनिसेफ(UNICEF)	युनाइटेड नेशन्स चिल्ड्रेन्स इमर्जेंसी फंड
यूएसएआईडी(USAID)	युनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट
वीजीएफ(VGF)	वायबिलिटी गैप फंडिंग
वीटीएस(VTS)	वेहिकल ट्रैकिंग सिस्टम
डब्ल्यूएसपी(WSP)	वाटर ऐन्ड सैनिटेशन प्रोग्राम
डब्ल्यूएसयूपी(WSUP)	वाटर ऐन्ड सैनिटेशन फॉर अर्बन पूअर

विषयवस्तु तालिका

1.1 नगरपालिका ठोस अपशिष्ट – झाड़ू, संग्रह और ढुलाई (कुल अंक 360) 16
ए) एमएसडब्ल्यू के संग्रह और ढुलाई में स्वचालित तंत्र की उपलब्धता 16
बी) अपशिष्ट संग्रह क्षमता तथा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का प्रबंधन....21
सी) व्यवसायिक क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 31
डी) आवासीय क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 43
ई) डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रह तथा आवासीय क्षेत्र से उठाव 45
एफ) निपटानध्प्रशोधन स्थल ॅ(प्ज्ैे) तक अपशिष्ट ढुलाई की कार्यक्षमता 56
1.2. नगरपालिका ठोस अपशिष्ट – प्रक्रमण एवं निपटान (PROCESSING & DISPOSAL) (कुल अंक 180) 61
1.3. सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय (कुल अंक 135) 70
1.4. व्यक्तिगत शौचालय (कुल अंक 135) 92
1.5. ओडीएफ एवं एसडब्ल्यूएम के लिए रणनीति (कुल अंक 43) 100
1.6. सूचना शिक्षा और संचार ध्स्वभाव परिवर्तन संचार (कुल अंक 44) 114
1.7. प्रस्तावित क्रम विकास 120

अनुलग्नक सूची

ये अनुलग्नक देखने के लिए, " स्वच्छ सर्वेक्षण अनुलग्न पुस्तक" डाउनलोड करें–

http://www-umcasia-org/UserFiles/umc/Swachh%20Survekshan%20AnneÛ%20Book-pdf

मार्गदर्शिका अनुलग्नक पुस्तक के साथ जोड़ कर ही पढ़ी जाय।

अनुलग्नक नाम	पृष्ठ संख्या	अनुसंलग्नक विवरण
ए	बॉयोमीट्रिक अटेंडेंस टर्मिनल की आपूर्ति के लिये क्षेत्रगत मूल्य अनुबंध और यूआईडीएआई के लिये उपस्थिति प्रणाली के उपकरण	4
बी	स्वच्छ शहर योजना का सांचा (Template)	19
सी	एमओयूडी में शामिल अनुबद्ध एजेंसियों की सूची जिससे स्वच्छ शहर योजना तैयार हो सके	29
डी	एमओयूडी में शामिल एसडब्ल्यूएम के लिये अनुबद्ध एजेंसियों की सूची	36
ई	डीजीएसऐंडडी द्वारा कचरे के ट्रकों और डिब्बों की अधिप्राप्ति का मूल्य अनुबंध	46
एफ	निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट नियम, 2016	51
जी	एकीकृत एसडब्ल्यूएम के लिये आदर्श रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (RFP)	67
एच	वृहत्तर विशाखापट्टनम नगरपालिका के सीऐंडडी अपशिष्ट के संग्रह, ढुलाई, प्रक्रमण एवं प्रबंध के लिये नमूने के आरएफपी	127
आई	द्वितीयक (SECONDERY) बिंदु तक डोर टे डोर संग्रह और ढुलाई के लिये संचालक के चयन हेतु आदर्श आरएफपी	219

जे	कंपनियों के कानून के लिये अनुसूची (schedule)VII, 2014	274
के	राजस्थान सरकार द्वारा उपभोक्ता भार के लिये विज्ञप्ति	277
एल	एमटीएनएल के साथ एमओयू	293
एम	बीएसएनएल के साथ एमओयू	320
एन	मौजूदा कचरा स्थल (dump site) की बंदी और ढंकाव (capping)	347
ओ	एसडब्ल्यूएम के लिये अनुबद्ध संस्थाओं की सूची	394
पी	एसडब्ल्यूएम पर तकनॉलॉजी सलाहकार समूह की रिपोर्ट, 2005	406
क्यू	अपशिष्ट से ऊर्जा तक, पर टास्क फोर्स की रिपोर्ट, 2014	673
आर	अपशिष्ट से ऊर्जा और निपटान सुविधा के लिये आदर्श आरएफपी	850
एस	आंध्र प्रदेश में नगरपालिका ठोस अपशिष्ट को ऊर्जा प्रक्रमण सुविधा में परिवर्तित करने के लिये विकास भागीदार का चयन	900
टी	अपशिष्ट से ऊर्जा तकनॉलॉजी प्रदाता की सूची	995
यू	अनुबद्ध कारोबारी (transaction) सलाहकारों की सूची जो शहरी स्थानीय निकाय और निजी एजेंसियों के बीच अनुबंध में सहायक हो	998
वी	देश के लिये स्वच्छ भारत विकास सहभागी गठबंधन	1006
डब्ल्यू	डीजीएसऐंडडी द्वारा जारी चलित शौचालयों के लिये मूल्य अनुबंध नमूने	1009
एक्स	पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप द्वारा सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण हेतु वृहत्तर विशाखापटनम नगर निगम (जीवीएमसी)द्वारा प्राप्त नमूने के आरएफपी	1021
वाई	डिजाइन, काठी, संचालन और स्थानांतरण यंत्रावली (mechanism) द्वारा सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण हेतु नई दिल्ली नगरपालिका परिषद द्वारा प्राप्त नमूने के आरएपपी	1171
जेड	स्वच्छ आंध्र निगम द्वारा सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों के लिये दिशा निर्देश, आंध्र सरकार	1234
एए	पश्चिम बंगाल में सार्वजनिक शौचालयों और संबद्ध सुविधाओं के संचालन और देखरेख के सहमति अनुबंध के नमूने के आरएफपी	1258
एबी	शहरी प्रबंधन केंद्र द्वारा सार्वजनिक शौचालयों की सफाई की मानक संचालन प्रक्रिया	1298
एसी	शहरी प्रबंध केंद्र द्वारा तैयार 20 X फ्लैश कार्ड्स (Flash Card)	1318
एडी	जनाग्रह के साथ एमओयू (MoU)	1352
एई	आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा झोंपड़पट्टी स्तर के संघों के माध्यम से व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों के निर्माण के दिशा निर्देश (IHTs)	1358

एएफ	स्वच्छ आंध्र निगम का घोषणा प्रारूप, आंध्र प्रदेश सरकार	1371
एजी	अहमदाबाद नगर निगम की सार्वजनिक स्वास्थ्य नियमावली	1385
एएच	एमओयूडी के स्पॉट जुर्माने के लिये सर्कुलर	1457
एआई	अहमदाबाद नगर निगम द्वारा शिकायत निस्तारण प्रणाली के लिये कॉल सेंटर संचालन के लिये आरएफपी	1472
एजे	दक्षिण दिल्ली नगर निगम द्वारा एक कॉल सेंटर की सेवाएं प्रदान करने के लिये आउटसोर्सिंग आधार पर एक एजेंसी के चयन हेतु आरएफपी	1494
एके	अप्रैल 2016 से मार्च 2017 तक एमओयूडी द्वारा जारी स्वच्छता विषयक अभियान की सूची	1529

परिचय

2 अक्टूबर 2014 को पूरे देश में स्वच्छ भारत मिशन एक राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरू किया गया।मिशन के दो अवयव हैं। पहला, स्वच्छ भारत मिशन– ग्रामीण, जो कि भारत के ग्रामीण केंद्रों के लिए है, तथा दूसरा– स्वच्छ भारत मिशन– शहरी, जो कि देश के नगरीय क्षेत्रों पर केंद्रित है।

"एक स्वच्छ भारत ही, 2019, में महात्मा गांधी के 150 वें जन्मदिन पर उनको देश की सर्वश्रेष्ठ श्रद्धांजलि होगी" श्री नरेंद्र मोदी भारत के माननीय प्रधानमंत्री

शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन का फोकस खुले में शौच मुक्त आबादी का निर्माण करना है। (हर घर में व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालय के निर्माण द्वारा) और 100% ठोस अपशिष्ट वैज्ञानिक प्रबंधन द्वारा।

शहरों में स्वस्थ प्रतिद्वंद्विता को बढ़ावा देने के लिए शहरी विकास मंत्रालय (एमओयूडी) ने 2016 में स्वच्छ सर्वेक्षण शुरू किया, जिसने देश के 73 शहरों का मूल्यांकन किया। इसी का अनुसरण करते हुए शहरी विकास मंत्रालय ने "स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 " के लिए मार्गदर्शिका जारी की है। जिसमें 500 शहरों का श्रेष्ठता क्रम निर्धारण (rank) के लिए एक सर्वेक्षण आयोजित होगा (इनमें वे शहर शामिल होंगे जिनकी आबादी 1 लाख से ज्यादा होगी।). इस सर्वेक्षण में कवर होने वाले अवयव होंगे।

- ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्ल्यूएम) जिसमें सड़कों की सफाई शामिल है, नगरपालिका आवासीय ठोस अपशिष्ट • व्यावसायिक क्षेत्र और निर्माण तथा विध्वंस अपशिष्ट
- व्यक्तिगत, सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालय
- खुले में शौच मुक्त शहर /कस्बा रणनीति
- सूचना, शिक्षा और स्ववहार परिवर्तन संचार (आईईबीसी) रणनीति, और आईसीटी आधारित प्रणाली जो शहरी स्थानीय निकाय कार्यक्रमों (यूएलबी) को मजबूत कर सके।

शहरों के सर्वेक्षण श्रेष्ठताक्रम की कार्य पद्धति (methodology for ranking) तीन मुख्य क्षेत्रों पर आधारित है:

- भाग 1: संबंधित नगर निकाय से बातचीत कर आंकड़ों का संग्रह
- भाग 2: सीधे अवलोकन से आकड़ों का संग्रह
- भाग 3: नागरिकों के फीड बैक से आंकड़ों का संग्रह

सर्वेक्षण का विवरण और कार्य पद्धति शहरी विकास मंत्रालय द्वारा प्रकाशित "स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 सर्वे विवरणिका (Brochure) में उपलब्ध है।" इस मार्गदर्शिका का लक्ष्य शहरी स्थानीय निकाय को यह समझने में सहायता देना है कि अभियान के लिये क्या कार्य पद्धति अपनायी गयी है और वे किस तरह अपनी रणनीति और प्रणाली को मजबूत करके सर्वेक्षण के भाग 1 में अपने प्राप्तांक (score)बेहतर कर सकते हैं। इस मागदर्शिका का उद्देश्य यूएलबी को केवल यह जानकारी देना नहीं कि किस तरह प्राप्तांक (score)अधिक किये जाएं बल्कि ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि यूएलबी सेवा प्रदान करने में अपनी क्षमताओं को कैसे बढ़ाएं और अपने शहरों में जीवन की गुणवत्ता को कैसे सुधारें। यूएलबी के लिए यह आशु परिकलक (ready reckoner) है कि वे संभावित क्षेत्रों की जानकारी प्राप्त कर शीघ्रता के साथ आवश्यक अधिप्राप्ति और वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकें और अपने सुंदर शहरों के प्रमुख अभ्यासों से भी परिचित कराएं। यह मार्गदर्शिका यूएलबी अधिकारियों को भी ये समझने में मदद करेगी कि श्रेष्ठताक्रम (ranking) के लिए कौन से मापदंड प्रयोग होते हैं और उन्हें इसके लिये कौन से आवश्यक साक्ष्य उपलब्ध कराने हैं। यह मार्गदर्शिका शहरी प्रबंधन केंद्र की तकनीकी सहायता से तैयार की गई है।

मार्गदर्शिका के बारे में

मार्गदर्शिका स्वच्छ सर्वेक्षण के भाग 1 के श्रेष्ठताक्रम कार्य पद्धति के सर्वेक्षण खा के (survey design) को समझने के लिए शहरी स्थानीय निकाय के लिए विशेष रूप से अभिकल्पित (design) की गयी है। प्राथमिक स्तर पर श्रेष्ठताक्रम (ranking) शहरी स्थानीय निकाय और उनके तंत्र, प्रक्रिया और ढांचे (infrastructure) के स्तर पर प्राप्त आंकड़ों पर आधारित होते हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण सर्वे विवरणिका (brochure) यहां से डाउनलोड किया जा सकता है। http://swachhbharaturban-gov-in/writereaddata/SurveyBrocure2017-pdf

भाग 1 कुल 2000 अंकों में 900 अंक का होता है और यह भाग 2 तथा भाग 3 की तुलना में सर्वाधिक अंक और मापदंड रखता है। भाग 2 और भाग 3 परिणामों के मापदड हैं, जो बाहरी आकलनकर्ताओं के गुणवत्ता आकलन पर आधारित होते हैं।

मार्गदर्शिका किस प्रकार प्रयोग करें ?

स्वच्छ सर्वेक्षण छह अवयवों में विभाजित है, जिनमें प्रत्येक के निश्चित अंक हैं। प्रत्येक अवयव वर्गों में विभाजित है, जो फिर मापदंडों (parameters) में पुनर्विभाजित हैं। ये छह अवयव निम्नलिखित हैं और इनके कुल अंक नीचे दिये गये हैं:

अवयव	कुल प्राप्तांक
नगरपालिका ठोस अपशिष्ट रू सफाई, संग्रह और ढुलाई	360
नगरपालिका ठोस अपशिष्ट दृप्रक्रमण और निपटान	180
सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालय	135
व्यक्तिगत शौचालय	135
ओडीएफ एवं एसडब्ल्यूएम के लिये रणनीति	45
आईईसी / व्यवहार परिवर्तन संचार (Behaviour change communication)	45
कुल प्राप्तांक	900

प्रत्येक सर्वे मापदंड जो इस वर्ग में समायोजित है, उसका विवरण इस प्रकार है–

1. उद्देश्य और परिभाषा : यह मापदंड को सरल करती है और जिन मापदंडों पर प्राप्तांक आधारित हैं उनका एक सिंहावलोकन कराती है और यह सभी तकनीकी शब्दों की व्याख्या भी करती है, जो मापदंडों में शामिल किये गये हैं।

2. मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन (Gradation): इससे क्रमिक स्थापन होता है, जिसके आधार पर शहरी स्थानीय निकायों को प्राप्तांक दिये जाएंगे।

3. यूएलबी से प्राप्त सहायक दस्तावेज : इससे दस्तावेजों की एक सूची मुहैया होती है, जो यूएलबी को उपलब्ध करायी जाती है और जो उनके दावों में साक्ष्य के रूप में सहायक होती है। ये दस्तावेज एमओयूडी के सत्यापन के लिये प्रयोग होंगे ।

4. अधिकतम प्राप्तांक के लिये शहरी स्थानीय निकायों को क्या करना चाहिये : यदि यूएलबी अधिकतम प्राप्तांक के लिये अर्ह नहीं है, यह वर्ग उन कार्यों का विवरण देता है, जिनका उपयोग करके यूएलबी अपना प्राप्तांक बेहतर बना सकते हैं और अपनी प्रक्रिया को मजबूत कर सकते हैं। यह वर्ग वित्तीय स्रोतों का विवरण, अधिप्राप्ति प्रक्रिया का विवरण और मूल्य अनुबंध आदि का विवरण देता है, और वे लिंक्स (links) बताता है जो आदर्श आरएफपी के लिये होते हैं। इससे शहरों को शीघ्रता के साथ अपनी अधिप्राप्ति प्रक्रिया और वित्तीय स्रोतों की उपलब्धता में सहायता मिलती है।

5. अन्य स्थानीय निकायों के प्रमुख अभ्यासरू यह वर्ग उन संबंधित सफल प्रयोगों का एक संक्षिप्त परिचय उपलब्ध कराता है, जिन पर यूएलबी काम करते हैं। ये केवल प्रतनिधि उदाहरण हैं। इसके अतिरिक्त ढेरों ऐसे प्रयोग हो सकते हैं जो अन्य विभिन्न शहर प्रयोग कर सकते हैं।

इस मार्गदर्शिका में ऐसे बहुत से प्रपत्रों के संदर्भ (reference) हैं जिनमें नमूने के आरएफपी प्रपत्र, नमूने के अनुबंध, सेवा प्रदाताओं के साथ एमओयू जो एमओयूडी से अनुशंसित हों, अनुबद्ध (empenalled) एजेंसी और संगठनों की सूची है। ये स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरों को विभिन्न तरह की पहल लागू करने में मदद करेगी । ये प्रपत्र एक अनुलग्न पुस्तक (Anne x Book) में समानुक्रमित (collated) हैं, जो यहां से डाउनलोड किये जा सकते हैं– http://www-umcasia-org/UserFiles/umc/Swachh%20Survekshan%20AnneÛ%20Book-pdfA

नगर निकाय अधिकारियों के लिये ई–प्रशिक्षण मंच : इस मार्गदर्शिका के साथ, शहरों का प्रबंधन करने वालों को स्वच्छ भारत मिशन पर ई– प्रशिक्षण मंच के पाठ्यक्रम भी पढ़ने चाहिये। (http://swachhbharat-cloudapp-net/)। ये ई– प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ऐसी परिकल्पनाओं की एक औजार पेटी उपलब्ध कराते हैं, जो लागू किये जा सकते हैं, जिनका आधुनिकीकरण किया जा सकता है /या जिन्हें अन्य शहरों में अपनाया जा सकता है। ये ई– पाठ्यक्रम स्थानीय सरकार के प्रबंधकों के अनुभवों और सफलताओं के आधार पर चलाये जा रहे हैं और अच्छे अभ्यास के प्रसार और उनके अनुसरण के अवसर प्रदान कर रहे हैं। बहुत से शहर प्रबंधकों ने शहरी नागरिकों का जीवन स्तर सुधारने में उल्लेखनीय योगदान दिया है और वे अपना प्रशिक्षण अनुभव ई–पाठ्यक्रमों के माध्यम से सीधे अपने सहकर्मियों के साथ बांट रहे हैं। ई–पाठ्यक्रम पोर्टल(portal) व्यस्त शहरी प्रबंधकों को सुविधाजनक ढंग से सीखने की गतिक्षमता का विकल्प उपलब्ध कराता है। ये मंच प्रमुख अभ्यासों वाले वीडियो के माध्यम से प्रमुख एकांकी हब (one & stop hub) संबंधित पाठ्य सामग्री, तकनॉलॉजी के विकल्प के रूप में सेवा देता है, साथियों से साथियों तक प्रसार करता है और मंच के रूप में भागीदारों को सहायता प्रदान देता है । इस मार्गदर्शिका में कई संबंधित शिक्षणों का संदर्भ तो सम्मिलित है ही, ये लिंक्स(links) प्रयोगकर्ता को चिह्नित केस स्टडी तक भी पहुंचने में सहायक होंगे। प्रयोगकर्ता को शिक्षण सामग्री देखने से पहले पोर्टल पर खुद को रजिस्टर /साइन इन करना पड़ेगा। हम यूएलबी से यह भी निवेदन करेंगे कि वे अपने नवोन्मेष और रचनाएं हमारे साथ साझा करें। एमओयूडी को आपके अभ्यास और अनुभव से ई–प्रशिक्षण सामग्री तैयार करने और उसे साझा करने में प्रसन्नता होगी। कृपया अपनी सूचना info /umcasia-org पर भेजें।

नगर निकाय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

कृपया इस प्रपत्र (document) को स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 सर्वे विवरणिका और स्वच्छ सर्वेक्षण अनुलग्नक पुस्तक के साथ जोड़ कर पढ़ें।

1.1 नगर निकाय ठोस अपशिष्ट – सफाई, संग्रह और ढुलाई (कुल अंक 360)

ए) एमएसडब्ल्यू के संग्रह और ढुलाई के लिये स्वचालित तंत्र की उपलब्धता

इस वर्ग में नगर निकाय ठोस अपशिष्ट के संग्रहण और ढुलाई के लिये स्वचालित तंत्र के प्रस्तावों से संबंधित मामले शामिल हैं।

यह वर्ग 2 मापदंडों पर निर्भर है और इस वर्ग के अंतर्गत अधिकतम प्राप्त किये जा सकने वाले अंकों की कुल संख्या है

1.1.1.नगरपालिका स्टाफ की उपस्थिति की निगरानी के लिये आईसीटी आधारित मॉनीटर का प्रयोग

उद्देश्य और परिभाषा

यह मापदंड इस बात का विश्लेषण करता है कि क्या आपके शहरी स्थानीय निकाय के पास कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिये सूचना संचार तकनॉलॉजी (ICT) आधारित तंत्र है या नहीं। अंकों का क्रमिक स्थापन (हतंकंजपवद) इस पर आधारित होगा कि शहरी स्तर पर कार्य अभियानों की मॉनीटरिंग और उनका मापन किस सीमा तक किया गया। अगर इस प्रकार का तंत्र पूरे शहर में है, और मुख्यालय से भी इस पर निगरानी रखी जा रही है, तो आपका यूएलबी अधिकतम अंक प्राप्त करता है।

आईसीटी आधारित स्टाफ उपस्थिति प्रणाली का अर्थ है, कम से कम एक बॉयो–मीट्रिक / स्मार्ट कार्ड आधारित प्रणाली जो साइट और कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कर सके। (स्थायी और अनुबंधित दोनों प्रकार के)।

इस मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन

क्या आपके पास आईसीटी आधारित उपस्थिति प्रणाली है?	
पूरे शहर में आईसीटी आधारित उपस्थिति प्रणाली और मुख्यालय से उसकी निगरानी	23
आईसीटी आधारित उपस्थित प्रणाली पूरे शहर में लेकिन मुख्यालय स्तर पर उसकी मॉनीटरिंग नहीं	16
आईसीटी आधारित उपस्थिति प्रणाली शहर के कुछ हिस्सों में और मुख्यालय स्तर पर उसकी निगरानी	11
आईसीटी आधारित उपस्थिति प्रणाली शहर के कुछ हिस्सों में और मुख्यालय स्तर पर उसकी निगरानी नहीं	5
आईसीटी आधारित उपस्थिति तंत्र नहीं	0

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा सहायक दस्तावेज

अगर आपके यूएलबी के पास आईसीटी आधारित उपस्थिति प्रणाली है, तो आपको इसके पक्ष में निम्नलिखित प्रपत्र साक्ष्य के रूप में उपलब्ध कराने होंगे :

- समय की मोहर सहित अंतिम तिमाही के किसी भी महीने के एक सप्ताह की उपस्थिति रिपोर्ट और साक्ष्य के रूप में किसी एक व्यक्ति का नमूना
- नगरपालिका/उप /अतिरिक्त आयुक्त स्तर /आयुष स्वास्थ्य अधिकारी, जो सभी कर्मचारियों की उपस्थिति देखता हो, उसके पास उपस्थिति निगरानी पटल (dash board) और स्क्रीन शॉट्स(Screenshots) की उपलब्धता।

अधिकतम प्राप्तांक के लिये यूएलबी को क्या करना चाहिये?

- शहरी स्थानीय निकाय को सभी जोन और वार्ड कार्यालयों में कर्मचारी की उपस्थिति पर नजर रखने और उसे दर्ज करने के लिये बॉयो–मीट्रिक /स्मार्ट कार्ड तकनॉलॉजी स्थापित करनी चाहिये
- क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिये, एक ऐसा आईसीटी तंत्र स्थापित करना चाहिये जो दूरस्थ इलाकों में उपस्थिति दर्ज कर सके।
- उपस्थिति प्रणाली कर्मचारी की समय तालिका से भी जुड़ी होनी चाहिये।

अधिप्रप्ति (Procurement)

- इस काम में एजेंसियों की अधिप्राप्ति के लिये, आईसीटी आधारित उपस्थिति प्रणाली का हार्डवेयर या सॉप्टवेयर विकसित करने के लिये शहरी स्थानीय निकाय एनआईसीएसआई से अनुबद्ध एजेंसियों की सूची से ठेकेदार किराये पर ले सकती हैं।
- विकेंद्रित रूप में दीवार से जुड़े बॉयोमीट्रिक उपस्थिति टर्मिनल और डेस्क टॉप फिंगर प्रिंट डिवाइस की शीघ्र अधिप्राप्ति के लिये यूएलबी डीजीएसऐंडडी द्वारा निर्धारित मूल्य समझौते से अधिप्राप्त कर सकते हैं।विकल्प के रूप में वे एनआईसीएसआई से भी ये उपकरण अधिप्राप्त कर सकते हैं। यूआईडीएआई उपस्थिति प्रणाली के लिये बॉयो–मीट्रिक उपस्थिति टर्मिनल और उपकरण की आपूर्ति के लिये क्षेत्रवार मूल्य समझौते (मूल्य वैधता 27 जनवरी 16 से 31 दिसंबर 16 तक)अनुलग्न पुस्तक के संलग्नक A में प्रस्तुत हैं।

वित्तीय सहायता

- अगर आपका यूएलबी 100 चयनित स्मार्ट शहरों की सूची में शामिल है, तो आप स्मार्ट सिटी योजना के तहत आईसीटी आधारित सॉल्यूशंस से धन प्राप्त कर सकते हैं।
- अगर आपका शहर स्मार्ट सिटी योजना की सूची में नहीं है, तो आप 14वें वित्तीय आयोग द्वारा शहरों को स्थानांतरित की गई मूल संयुक्त राशि का उपयोग कर सकते हैं।

अन्य शहरी स्थानीय निकाय के प्रमुख अभ्यास

गुंटूर नगर निगम में आरोग्यकर्मियों के लिये बॉयोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली

गुंटूर नगर निगम (जीएमसी) में करीब 2000 आरोग्यकर्मियों के लिये बॉयोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू की गई। जीएमसी प्रतिदिन करीब 350 मीट्रिक टन ठोस अपशिष्ट उत्पन्न करता है।1,175 किलोमीटर सड़कों की सफाई करता है और 1500 किलोमीटर नालियों की देखरेख करता है। पीपीपी व्यवस्था के तहत यहां बॉयोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू की गयी। हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की कुल कीमत रु.

30,00,000 लाख बैठी। इसके अलावा रु.1,30,000 के मासिक खर्च की आवृति आयी। बॉयोमीट्रिक गुमटियां शहर के सभी 26 प्रखंडों में स्थापित की गयीं। बॉयोमीट्रिक सूचना से परिपूर्ण आईआरआईएस रिकग्निशन की देखरख केंद्रीय सर्वर से होती है। आईआरआईएस रिकग्निशन एक बार की जाने वाली क्रिया है, और इसकी विश्वसनीयता प्रमाणित हो चुकी है। उपस्थिति दिन में दो बार, सुबह 5 बजे और दोपहर 12 बजे, होती है और यह कुशलता के साथ 20 मिनट में संपन्न हो जाती है। उपस्थिति की जानकारी के आधार पर, अनुबंधित कर्मियों को उनका पारिश्रमिक ऑनलाइन स्थानांतरित कर दिया जाता है। इस तंत्र ने बिचौलियों को खत्म कर दिया है और मजदूरों को संरक्षण दिया है। इससे पारदर्शिता में सुधार के साथ कार्य आचार में भी सुधार हुआ है। परिणामस्वरूप बेहतर सेवाएं दी जा रही है। निगम के पास वेतन गणना और कर्मियों के खाते में ऑनलाइन वेतन स्थानांतरण सुविधा वाली एक केंद्रीकृत वेतनभुगतान प्रणाली (payroll system) है।



चित्र 1 : कर्मचारियों की उपस्थिति का हिसाब रखने वाला डैशबोर्ड : सूत्र : गुंटूर नगर निगम

1.1.2 स्वच्छ शहर योजना के लिये नगरपालिका स्टाफ की पर्याप्तता/डीपीआर सिफारिशें

उद्देश्य और परिभाषा

यह मापदंड विश्लेषण करता है कि क्या आपके शहरी स्थानीय निकाय ने स्वच्छ सिटी प्लान/डीपीआर के अनुसार सभी पद भर लिये गये हैं। सड़कों की सफाई के लिये पर्याप्त स्टाफ की उपलब्धता स्वच्छ भारत मिशन के विभिन्न अवयवों को लागू करने और उसे जारी रखने की कुंजी है।

इस मापदंड के तहत प्राप्तांक, स्टाफ के रिक्त पदों के प्रतिशत पर निर्भर करते हैं।यह प्रतिशत जितना ज्यादा होगा, प्राप्तांक उतने कम होंगे। अगर 40 % से ज्यादा पद खाली पड़े हैं, तो यूएलबी को शून्य अंक मिलेंगे।

स्टाफ के रिक्त पद (%) = (सड़कों की सफाई के लिये सटाफ के रिक्त पदों की संख्या/स्वच्छ सिटी प्लान/डीपीआर के लिये स्टाफ के कुल अनुमोदित पद) 100
(स्टाफ में शहरी स्थानीय निकाय के स्थायी और अनुबंधित दोनों तरह के कर्मचारी शामिल हैं)

इस मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन (gradation)

रक्त स्थानों का प्रतिशत	
<100%	18
10% - 20%	14
21% to 30%	9
31 % - 40 %	5
Above 40%	0

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा सहायक दस्तावेज

यूएलबी द्वारा साक्ष्य के रूप में निम्नलिखित दस्तावेज उपलब्ध कराये जाने चाहिये

- स्वच्छ शहर योजना / डीपीआर/राज्य द्वारा अधिसूचित दस्तावेज, जिसमें यूएलबी में स्टाफ की आवश्यकता बतायी गयी हो।
- भरे पदों के साक्ष्य के रूप में पिछले महीने के वेतन भुगतान रिपोर्ट की प्रतिलिपि जिसमें (अनुबंधित स्टाफ समेत) सफाई स्टाफ की कुल संख्या दर्ज हो।

यूएलबी को अपने प्राप्तांक अधिकतम करने के लिये क्या करना चाहिये ?

अगर यूएलबी के पास स्वच्छ शहर योजना डीपीआर नहीं है, वे इसके बदले–

- यूएलबी को एमओयूडी द्वारा दी गयी शहर आरोग्यता योजना के वर्ग में अपने स्तर की योजना तैयार करनी चाहिये (अनुलग्नक पुस्तक का अनुलग्न बी देखिये)
- जब तक स्वच्छ सिटी प्लान का मसौदा तैयार होता है, यूएलबी खुद अपने स्टाफ की आवश्यकता का आकलन कर सकता है। (अनुलग्नक पुस्तक का अनुलग्न सी देखिये)

- जनगणना 2011 के बेंचमार्क के अनुसार 10,000 की जनसंख्या के लिये 28 लोगों की जरूरत होती है। अतिरिक्त स्टाफ की आवश्यकता के आकलन के लिये इसे आधार बनाया जा सकता है।
- यूएलबी राज्य सरकार से अनुमति और अनुमोदन लेकर स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति करके अपने स्टाफ की जरूरत पूरी कर सकती हैं। अगर राज्य सरकार स्टाफ की क्षमता बढ़ाने के लिये आवश्यक स्वीकृति/अनुमोदन नहीं देती, तो यूएलबी को अनुबंध के आधार पर स्टाफ की नियुक्ति करनी चाहिये या फिर किसी तीसरी संस्था को अपना काम आउटसोर्स कर देना चाहिये।

अपशिष्ट संग्रह और निर्माण एवं ध्वंस अपशिष्ट के प्रबंधन की कार्य क्षमता

इस वर्ग में वे मापदंड हैं, जो ठोस अपशिषट के संग्रह और निर्माण व ध्वंस अपशिष्ट के प्रबंधन से संबंधित हैं। ये वर्ग 5 मापदंडों पर आधारित है और इस वर्ग से यूबएलबी अधिकतम 65 अंक अर्जित कर सकते हैं।

1.1.3 नगरपालिका ठोस अपशिष्ट के संग्रह की कार्यक्षमता

उद्देश्य और परिभाषा

इस मापदंड से उस अपशिषट के प्रतिशत का आकलन किया जाता है, जो शहर में नियमित रूप से उत्पन्न होने वाले के कुल अपशिष्ट की तुलना में संग्रहीत किया जाता है। अंकों का क्रमिक स्थापन (gradation) शहर में उत्पन्न कुल अपशिष्ट की तुलना में संग्रहीत किये गये अपशिष्ट के प्रतिशत के आधार पर तय होता है। जो यूएलबी शहर में कुल उत्पन्न अपशिष्ट का 40 % से कम संग्रह करते हैं, उन्हें शून्य अंक मिलते हैं।

(नगर निकाय के प्रतिदिन संग्रहीत कुल ठोस अपशिष्ट / नगर निकाय के प्रतिदिन कुल उत्पन्न ठोस अपशिष्ट)*100

इस मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन

प्रतिदिन संग्रहीत अपशिष्ट का प्रतिशत	
<100%	18
80% - 99%	14
60% to 79%	9
40 % - 59 %	5
Below 40%	0

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा दिये जाने वाले सहायक प्रपत्र

यूएलबी द्वारा साक्ष्य के रूप में निम्न प्रपत्र उपलब्ध कराये जाने चाहिये

- स्वच्छ शहर योजना / एसडब्ल्यूएम डीपीआर / या कोई अन्य परीक्षण (अंतिम वर्ष के दौरान तैयार) जिससे शहर में उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट की मात्रा का आकलन किया जा सके।
- इन प्रपत्रों की अनुपस्थिति में प्रति व्यक्ति बेंचमार्क (500 ग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिदिन X शहर की जनसंख्या)के आधार पर कुल उत्पन्न अपशिष्ट की गणना
- शहर से संग्रहीत अपशिष्ट का दैनिक आधार पर रिकॉर्ड। इसमें विभिन्न स्रोतों से संग्रहीत अपशिष्ट के रिकॉर्ड शामिल होने चाहिये, या अंतिम तिमाही में प्रसंस्करण / निपटान स्थल पर विभिन्न वाहनों द्वारा किये गये दौरों की संख्या का रिकॉर्ड ।

- अगर यूएलबी के पास स्वच्छ शहर योजना / डीपीआर नहीं है, तो
- यूएलबी को एमओयूडी द्वारा दी गयी शहर आरोग्यता योजना के वर्ग में अपने स्तर की योजना तैयार करनी चाहिये (अनुलग्नक पुस्तक का अनुलग्न बी देखिये)
- यूएलबी अपने स्तर से एसडब्ल्यूएम के लिये एमओयूडी में दर्ज अनुबद्ध एजेंसियों की सूची से पारिश्रमिक के आधार पर सलाहकार प्राप्त कर सकता है(अनुलग्नक पुस्तक का अनुलग्न डी देखिये)
- अगर शहर ने उत्पन्न अपशिष्ट का कोई आकलन तैयार नहीं किया है, यूएलबी को इस तरह के अध्ययन के लिये पहल करनी चाहिये

यूएलबी का अपना प्राप्तांक अधिकतम करने के लिये क्या करना चाहिये ?

अधिप्राप्ति

- आवश्यक क्रियानवयन के क्रम में, यूएलबी को डीजीएसऐंडडी एवं ओमओयूडी द्वारा अधिसूचित मूल्य अनुबंध के तहत कचरा संग्रह वाले ट्रक और डिब्बे की अधिप्राप्ति सुनिश्चित करनी चाहिये । इन मूल्यों की वैधता 31 जुलाई 2016 है।डीजीएसऐंडडी द्वारा दी गई मूल्य अनुबंध की प्रतिलिपि अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्न ई में दी गी है।
- अपशिष्ट संग्रह के लिये मानव संसाधन की पर्याप्तता सुनिश्चित करने के लिये, यूएलबी को पूर्व में दिये गये मापदंडों का अध्ययन करना चाहिये।

वित्त

- यूएलबी को राज्य सरकार की सलाह से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिये डीपीआर तैयार करने चाहिये। डीपीआर तैयार करने में आने वाला 100 प्रतिशत खर्च, राष्ट्रीय सलाहकार एवं समीक्षा समिति (एनएआरसी) द्वारा तय किये गये नियमों और इकाई के मूल्य के आधार पर, बाद में भारत सरकार द्वारा भुगतान किया जाएगा। (संदर्भ एसबीएम अर्बन गाइडलाइन्स)
- ट्रक और कचरे के डिब्बों की अधिप्राप्ति के लिये स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्राप्त धन का उपयोग किया जा सकता है।
- यूएलबी सभी एसडब्ल्यूएम परियोजनाओं में 20 प्रतिशत प्रति योजना की दर से वीजीएफ / अनुदान का लाभ प्रसप्त कर सकते हैं। प्रत्येक शहर / कस्बे के लिये एसबीएम के तहत नगरपालिका एसडब्ल्यूएम परियोजना के लिये मौजूदा जनसंख्या में रु.240 प्रति व्यक्ति की दर से केंद्र सरकार की सहायता उपलब्ध है। (संदर्भ डीओ नंबर क्यू–15014 / 2 / 2009–सीपीएचईईओ)

अन्य शहरी स्थानीय निकाय के प्रमुख अभ्यास

शून्य कचरे वाले एक कस्बे की उपलब्धि, नामाकल नगरपालिका, तमिलनाडु

नामाकल नगरपालिका जुलाई 2003 से ही शून्य कचरे वाला कस्बा बन गया है। और यह देश का पहला कस्बा है जिसने विभिन्न पहलों को लागू करके शून्य कचरे का स्तर प्राप्त किया है। ये उपलब्धि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के सभी अवयवों के निजीकरण द्वारा प्राप्त हुई है। और इस उपलब्धि में स्थानीय नगरपालिका, स्वयं सहायता समूहों, आवासीय एवं औद्योगिक संघों, गैरसरकारी संगठनों था कचरा बीनने वालों समेत विभिन्न पक्षों के संयुक्त प्रयास शामिल हैं। इसके सभी 30 वार्डों में डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रह निजी एजेंसियों द्वारा किया गया। नगरपालिका सफाई कर्मचारी मुख्य सड़कों, बस स्टैंड, बाजारों और औद्योगिक क्षेत्रों में रात्रि के समय सफाई करते हैं।गलियों, सड़कों, बाजारों, बस स्टैंड आदि से सभी कचरे के डिब्बे चरणबद्ध तरीके से हटाये जाते हैं।अपशिष्ट पृथक्करण स्रोत बिंदु पर किया जाता है, जहां विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट के लिये रंगीन कचरे के डिब्बों का प्रयोग होता है। पृथक किये गये गीले जैव कचरे को वर्मि कम्पोस्ट इकाई में ले जाया जाता है। इस प्रणाली में जो मुख्य पहलू शामिल हैं, वे हैं :

- पूरे शहर में डोर टू डोर संग्रह और स्रोत बिंदु पर उसका पृथक्करण

- गीले कंपोस्ट योग्य, सूखे पुनर्चक्र योग्य और घरेलू खतरनाक अपशिष्ट का पृथक्करण
- जैव कचरे से जैव खाद का निर्माण
- डोर टू डोर संग्रह के साथ सभी छुट्टियों और रविवार को सफाई
- प्रतिदिन 100% कचरे का निष्पादन
- लाथूवाड़ी गांव में वैज्ञानिक ढंग से निर्मित कचरा भराव साइट
- पीपीपी मोड में पर्यावरणीय जैव संस्कृति पर आधारित उद्योगों की स्थापना

चित्र– 2 रंगीन डिब्बों में अपशिष्ट संग्रह

चित्र–3 अपशिष्ट संग्रह प्रणाली का उद्घाटन

सूत्र : एक्सपीरिएंस ऑफ डेवलपमेंट ऑफ मॉडल ईको–सिटी ऐट नमक्कल, टीएन प्रेजेन्टेड बाई म्यूनिसिपल कमिश्नर ऑफ नमक्कल म्यूनिसिपैलिटी ऐट इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन द डेवलपमेंट ऑफ मॉडल ईको सिटी फॉर एनहैन्सिंग प्रमोशन ऑफ ईको प्रोडक्ट्स इन एशिया पैसिफिक रीजन असेस्ड ऑन 11 जून 2016।
(http://www-unep-or-ip/japanese/spc/singapore session/namakkal-pdf)

1.1.4 निर्माण और ध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन

1.1.4.1 निर्माण और ध्वंस अपशिष्ट संग्रह के लिये अलग अलग तंत्र की सुविधा

उद्देश्य और परिभाषा

यह मापदंड इस बात का आकलन करता है कि आपके यूएलबी के पास शहर में उत्पन्न निर्माण और ध्वंस अपशिष्ट के संग्रह के लिये अलग अलग तंत्र है या नहीं। इस मापदंड में यूएलबी केवल 'हां' या 'ना' में उत्तर दे सकते हैं। यूएलबी हां में तभी उत्तर दे सकते हैं, जब उनके पास शहर में उत्पन्न होने वाले अपशिष्ट का 100 प्रतिशत सीऐंडडी हो।

निर्माण और ध्वंस का अपशिष्ट संग्रह, निर्माण और ध्वंस नियम 2016 (अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक एफ को देखें)के तहत ही किया जाना चाहिये।

- अपशिष्ट उत्पन्न करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को निर्माण और ध्वंस का अपशिष्ट या तो इमारत के अहाते में रखना चाहिये, या शहरी निकाय द्वारा बनाये गये संग्रह केंद्र में जमा करना चाहिये या फिर निर्माण और ध्वंस अपशिष्ट के प्रसंस्करण सुविधा वाले प्राधिकारी को सौंपना चाहिये।
- यूएलबी को प्रक्रमण और निपटान के लिये सीऐंडडी अपशिष्ट की ढुलाई यथोचित कचरा स्थल तक अपने वाहन या निजी संचालक को नियुक्त करके करना चाहिये।

इस मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन

क्या सीऐंडडी संग्रह के लिये अलग अलग तंत्र है ?	
हां	8
नहीं	0

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा दिये जाने वाले सहायक प्रपत्र

यूएलबी द्वारा साक्ष्य के रूप में निम्न प्रपत्र उपलब्ध कराये जाने चाहिये

- नीति प्रपत्र की प्रतिलिपि जो रज्य सरकार द्वारा सीएँडडी अपशिष्ट के प्रबंधन से संबंधित हो
- यूएलबी द्वारा नियमों के प्रावधान के अनुरूप अपने कार्यक्षेत्र में सीऐंडडी अपशिष्ट के यथोचित प्रबंधन से संबंधित विस्तृत दिशानिर्देशों की प्रतिलिपि
- यूएलबी द्वारा स्वीकृत उत्पन्नकर्ता के अपशिष्ट प्रबंधन योजना की प्रतिलिपि, जो एक माह के भीतर की हो या फिर निर्माण योजना (नमूने के रूप में)के अनुमोदन की तारीख की हो। उदाहरण के लिये प्राइवेट डेवलपर द्वारा दी गई अपशिष्ट प्रबंधन योजना।
- अगर यूएलबी ने आउटसोर्स किया है तो सीऐंडडी अपशिष्ट प्रबंधन तंत्र के अनुबंध की प्रतिलिपि।
- यूएलबी के अध्ययन की प्रतिलिपि जिसमें शहर के सीऐंडडी अपशिष्ट उत्पादन का आकलन इंगित हो या फिर उत्पन्न सीऐंडडी अपशिष्ट की संग्रह रिपोर्ट।
- नगर योजना विभाग के पिछले वर्ष की निर्माण/ध्वंस के अनुमोदनों की सूची

अधिकतम प्राप्तांक के लिये यूएलबी को क्या करना चाहिये?

- यूबएलबी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि निर्माण ध्वंस अपशिष्ट उत्पन्न करने वाले सभी उत्पादक, अपशिष्ट के लिये विशेष रूप से बने संग्रह केंद्रों पर ही जमा करें।
- यूएलबी को नागरिकों के लिये एक तंत्र स्थापित करना चाहिये, जिसमें वे अपना सीऐंडडी अपशिष्ट सुनिश्चित कर सकें। यह एक अलग तंत्र भी हो सकता है, या यूएलबी के सार्वजनिक शिकायत निष्पादन तंत्र का हिस्सा भी हो सकता है।

अधिप्राप्ति

- अगर यूएलबी के पास मानव संसाधन, वाहन या उपकरण के रूप में सीऐंडडी संग्रह की क्षमता नहीं है, तो यूएलबी सेवा अनुबंध के माध्यम से यह कार्य आउटसोर्स कर सकती है या अगर आर्थिक रूप से उचित हो तो तो संपूर्ण सीऐंडडी अपशिष्ट प्रबंधन के लिये पीपीपी अनुबंध (अपशिष्ट संग्रह और प्रक्रमण समेत) कर सकता है। अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक जी में एजेंसी की पहचान के लिये एक आदर्श आरएफपी प्रस्तुत किया गया है, जो यूएलबी द्वारा अधिप्रप्ति के लिये उपयोग किया जा सकता है। ग्रेटर विशाखापटनम म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन द्वारा सीऐंडडी अपशिष्ट के संग्रह, ढुलाई, प्रक्रमण और प्रबंधन के लिये एक नमूने का आरएफपी दिया गया है जो अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक एच में देखा जा सकता है।
- अगर यूएलबी स्वयं अपनी क्षमता विकसित करना चाहता है, तो वह डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सप्लाई ऐंड डिस्पोजल(डीजीएसऐंडडी) द्वारा सुनिश्चित मूल्यों के आधार पर मानक ट्रकों की अधिप्राप्ति कर सकता है। कचरे के डिब्बों और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिये ट्रकों के मूल्य अनुबंध अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक ई में दिया गया है।

वित्त

- यूएलबी स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत सरकार से एसडब्ल्यूएम परियोजनाओं के लिये प्रति परियोजना 20 प्रतिशत वीजीएफ/अनुदान प्राप्त कर सकते हैं। एसबीएम के तहत भारत सरकार की तरफ से प्रत्येक शहर कस्बे के नगरपालिका एसडब्ल्यूएम परियोजना के लिये वर्तमान जनसंख्या में रु.240 प्रति व्यक्ति की सहायता उपलब्ध है। (संदर्भ डीओ नं. क्यू–15014/2/2009–सीपीएचईईओ) वे अपने अपने राज्यों के मिशन के तहत भी धनराशि प्राप्त कर सकते हैं।
- अगर यूएलबी एएमआरयूटी मिशन के तहत चयनित 500 शहरों में शामिल हैं, तो वे सीऐंडडी अपशिष्ट प्रक्रमण सुविधा स्थापित करने के लिये धनराशि प्राप्त कर सकते हैं।एएमआरयूटी मिशन के दिशा निर्देशों के अनुसार, यूएलबी द्वारा प्रस्तावित कुल वार्षिक बजट का 80 प्रतिशत, परियोजना धनराशि के रूप में, 10 प्रतिशत सुधारों के प्रोत्साहन राशि के रूप में और 10 प्रतिशत प्रशासनिक, संचालन और देखरेख (ओऐंडएम) खर्च के रूप में केंद्र सरकार देगी।
- यूएलबी उस धन का भी उपयोग कर सकते हैं जो उन्हें 14वें वित्त आयोग के तहत सीऐंडडी अपशिष्ट प्रक्रमण प्लांट स्थापित करने के लिये संयुक्त मूल अनुदान के रूप में प्राप्त हुआ है, या टिपिंग शुल्क जैसी संचालन और देखरेख के मद में प्राप्त धनराशि का भी उपयोग कर सकते हैं।

अन्य शहरी स्थानीय निकायों के प्रमुख अभ्यास

पीपीपी द्वारा सीऐंडडी अपशिष्ट निपटान, दिल्ली का केस

दिल्ली नगर निगम द्वारा 2009 में आईएलऐंडएफएस एनवायरनमेंटल इन्फ्रास्ट्रक्चर ऐंड सर्विसेज लिमिटेड (आईईएलएसएएल) के सहयोग से पीपीपी मोड में यह सुविधा स्थापित की गई थी। आरंभ में, इसका प्रयोग 2010 में कॉमनवेल्थ गेम्स के दौरान उत्पन्न सीऐंडडी अपशिष्ट के प्रक्रमण के लिये किया गया।

पहले चरण में प्लांट की क्षमता 500 एमटीडी थी, जो बाद में संपूर्ण दिल्ली के सीऐंडडी अपशिष्ट को कवर करने लायक विस्तृत कर दी गयी।

प्लांट द्वारा उच्च स्तरीय रेत, धूल, और अन्य भवन निर्माण सामग्री, रास्तों के फर्श के खंड, फुटपाथ के पत्थर के टुकड़े आदि। प्लांट स्थापित करने के लिये दिल्ली के उत्तर में एमसीडी ने 10 वर्ष के लिये बुरारी में भूमि दी है।सीऐंडडी अपशिष्ट का प्रक्रमण शुल्क लगभग रु. 250 प्रति टन है। अपशिष्ट संग्रह के लिये शहर को तीन खंडों में विभाजित किया गया है। करोलबाग, सदर–पहाड़गंज और नगर क्षेत्र।इस सुविधा के लिये प्रयोग होने वाले सभी वाहन जीपीएस उपकरण से सुसज्जित हैं। परियोजना के लिये आईईआईएसएल का करीब 23 करोड़ रुपये का है, जिसमें 8 करोड़ का मुख्य निवेश शामिल है। परियोजना में निवेश किया गया मुख्य धन प्रक्रमित सीऐंडडी अपशिष्ट से प्राप्त मूल्य द्वारा 10 वर्ष में प्राप्त करने का प्रस्ताव है

(इस के–स्टडी का ई पाठ्यक्रम देखने के लिये एसबीएम के पोर्टलः http//goo-gl/kgrHEE देखें)

चित्र 4 : सीऐंडडी अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट ढांचा एवं पुनर्चक्रित उत्पाद (नीचे के चित्र)
सूत्र : आईएलऐंडएफएस एनवायरनमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर ऐंड सर्विसेज लिमिटेड

पीपीपी द्वारा सीऐंड़डी अपशिष्ट निपटान, अहमदाबाद, गुजरात

अहमदाबाद म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन (एएमसी) ने सीऐंडडी प्रबंधन के लिये अहमदाबाद एनवायरो प्रोजेक्ट लिमिटेड (एईपीएल) को रूपरेखा, निर्माण, स्वामित्व और संचालन तंत्र के लिये सौंप दिया है। पीपीपी अनुबंध 30 साल की समयावधि के लिये है जिसके लिए एएमसी ने 5 एकड़ भूमि उपलब्ध करायी है।

प्लांट जून 2014 से पूरी तरह कार्य कर रहा है। एएमसी ने पूरे शहर में 16 स्थान रेखांकित किये हैं, जहां नागरिकों को अपने व्यय पर सीऐंडडी जमा करना होता है। इसके बाद एजेंसी इन स्थानों से अपने वाहनों द्वारा सीऐंडडी संग्रहीत कर लेती है। एएमसी इसके लिये एपीएल को रु.155 प्रति टन के हिसाब से (जो 5 % प्रतिवर्ष के नियम से हर वर्ष बढ़ती है) टिपिंग शुल्क भरती है। एएमसी के व्यापक शिकायत निपटान तंत्र (सीसीआरएस), के हिस्से के रूप में नागरिक एक टोल फ्री नंबर 155303 पर सीऐंडडी अपशिष्ट के लिये सेवा निवेदन दर्ज करा सकते हैं। एएमसी ने सीऐंडडी अपशिष्ट के भार के आधार पर एक मूल्य सूची तैयार की है।

चित्र : 5 अहमदाबाद के निर्माण एवं ध्वंस प्लांट में तैयार ईंटें। सूत्र : शहरी प्रबंधन केंद्र।

1.1.4.2 कार्यरत सीऐंडडी अपशिष्ट सुविधा की उपलब्धता

उद्देश्य और परिभाषा

यह मापदंड इस बात का परीक्षण करता है कि आपके यूएलबी के पास शहर में सीऐंडडी अपशिष्ट प्रशोधित करने का तंत्र रखता है। मापदंड में यूएलबी केवल हां या ना में उत्तर दे सकते हैं। यूएलबी को तभी हां में उत्तर देना चाहिये जब उनके पास 100 प्रतिशत सीऐंडडी अपशिष्ट प्रशोधित करने, प्रक्रमण करने और निपटान करने की सुविधा हो।

निर्माण और ध्वंस अपशिष्ट का संग्रह, निर्माण एवं ध्वंस अपशिष्ट नियम 2016 के अंतर्गत ही किया जा ना चाहिये ।(देखिये अनुलग्नक पुस्तक का अनुलग्नक एफ)

- **सभी अपशिष्ट उत्पादनकर्ता को निर्माण एवं ध्वंस अपशिष्ट को भवन की सीमा में ही रखना चाहिये या स्थानीय निकाय द्वारा बनाये गये संग्रह केंद्र में जमा करना चाहिये या फिर निर्माण एवं ध्वसं सुविधा वाली अधिकृत प्रक्रमण इकाई को सौंपना चाहिये।**
- **यूएलबी को प्रक्रमण और निपटान के लिये सीऐंडडी अपशिष्ट की ढुलाई यथोचित स्थल पर या तो अपने संसाधनों से करनी चाहिये या फिर निजी संचालक नियुक्त करके करनी चाहिये**

मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन

क्या सीऐंडडी अपशिष्ट प्रक्रमणध्प्रशोधनधनिपटान सुविधा है?	
हां	8
नहीं	0

शहरी स्थानीय निकाय के सहायक प्रपत्र

अगर शहर के पास सीऐंडडी अपशिष्ट संग्रह और प्रबंधन तंत्र है, तो यूएलबी को निम्न प्रपत्र उपलब्ध कराने चाहिये।

- यूएलबी द्वारा उत्पादनकर्ता के अपशिष्ट प्रबंधन योजना की एक माह के भीतर स्वीकृत, या भवन निर्माण के अनुमोदन की तिथि की प्रतिलिपि। (नमूने के तौर पर)
- अगर यूएलबी ने आउटसोर्स किया है, तो सीऐंडडी अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली के अनुबंध की प्रतिलिपि
- पिछली तिमाही में सीऐंडडी अपशिष्ट के प्रशोधन और निपटान का रिकॉर्ड

अपने अंक अधिकतम करने के लिये यूएलबी को क्या करना चाहिये

अधिप्राप्ति

- अगर यूएलबी के पास मानव संसाधन के रूप में सीऐंडडी अपशिष्ट प्रबंधन की क्षमता नहीं है अथवा वाहन/उपकरण नहीं हैं, तो यूएलबी एक सेवा अनुबंध के माध्यम से सेवाएं आउटसोर्स कर सकती है, या फिर अगर यह आर्थिक रूप से उचित हो तो उसे संपूर्ण सीऐंडडी अपशिष्ट प्रबंधन के लिये पीपीपी के रूप में (अपशिष्ट संग्रह और प्रक्रमण सहित) अनुबंध करना चाहिये। एजेंसी चयन के लिये एक आदर्श आरएफपी अनुलग्न पुस्तक के अनुलग्नक जी में प्रस्तुत है, जिसे यूएलबी अधिप्राप्ति के लिये प्रयोग कर सकती है। ग्रेटर विशाखापटनम म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन द्वारा प्रस्तुत सीऐंडडी अपशिष्ट के संग्रह, ढुलाई, प्रक्रमण, और प्रबंधन के लिये नमूने का आरएफपी अनुलग्न पुस्तक के अनुलग्नक एच में देखा जा सकता है।

- यदि यूएलबी ने स्वयं अपना प्रक्रमण प्लांट स्थापित कर लिया है, तो इसे सुनिश्चित करना चाहिये कि सीऐंडडी अपशिष्ट उत्पादनकर्ता अपशिष्ट को निर्धारित स्थान पर ही जमा करें, या यूएलबी स्वयं उत्पादनकर्ताओं से यह अपशिश्ट संग्रहीत करके प्रक्रमण स्थल तक स्थानांतरित करे।
- यदि प्रक्रमण प्लांट पीपीपी मोड में संचालित है, तो यूएलबी सीऐंडडी अपशिष्ट को प्लांट तक स्थानांतरित कर सकती है, या निजी ठेकेदार निर्धारित संग्रह केंद्रों से अपशिष्ट संग्रह कर सकता है।

वित्त

- यूएलबी को स्वच्छ भारत मिशन के तहत राज्य सरकार के सहयोग से सीऐंडडी अपशिष्ट प्रबंधन के लिये डीपीआर तैयार करना चाहिये। इसके लिये भारत सरकार, नेशनल ऐडवाइजरी ऐंड रिव्यू कमिटी(एनएआरसी) द्वारा निर्धारित नियमों के तहत इकाई मूल्य के आधार पर 100 प्रतिशत व्यय की प्रतिपूर्ति करती है। (संदर्भ स्वच्छ भारत मिशन(शहरी) दिशानिर्देश)। यूएलबी अपने राज्य मिशन के तहत भी धनराशि प्राप्त कर सकती हैं।
- ट्रक और कचरे के डिब्बों की अधिप्राप्ति स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्राप्त धन के उपयोग से किया जा सकता है।
- यूएलबी एसडब्ल्यूएम परियोजना के लिये प्रति परियोजना 20 प्रतिशत वीजीएफ/अनुदान स्वच्छ भारत मिशन के तहत भारत सरकार से प्राप्त कर सकती हैं। एसबीएम के तहत प्रत्येक शहर में म्यूनिसिपल एसडब्ल्यूएम परियोजना के लिये वर्तमान जनसंख्या में रु.240 प्रति व्यक्ति की दर से भारत सरकार की सहायता उपलब्ध है। (संदर्भ डी.ओ.नं. क्यू–15014/2/2009–सीपीएचईईओ)
- अगर यूएलबी एएमआरयूटी के तहत चुने गये 500 का हिस्सा है, तो यह ठोस अपशिष्ट प्रक्रमण और प्रशोधन सुविधा स्थापित करने के लिये धनराशि प्राप्त कर सकती है। एएमआरयूटी के दिशा निर्देशों के अनुसार, केंद्र सरकार यूएलबी द्वारा प्रस्तावित कुल वार्षिक बजट का 80 प्रतिशत परियोजना धनराशि के रूप में देगा, 10 प्रतिशत सुधार इंसेंटिव और 10 प्रतिशत प्रशासनिक एवं ओऐंडएम व्यय के लिये उपलब्ध कराएगा।
- यूएलबी द्वारा 14वें वित्त आयोग के तहत प्राप्त संयुक्त मूल अनुदान का भी सीऐंडडी अपशिष्ट प्रक्रमण प्लांट स्थापित करने के लिये उपयोग कर सकती है।

अन्य शहरी स्थानीय निकायों के प्रमुख अभ्यास

पूर्व में दिये गये केस स्टडीज के मापदंड देखें

1.1.4.3 सीऐंडडी संग्रह के लिये उपभोक्ता शुल्क की अधिसूचना और संग्रह

उद्देश्य और परिभाषा

इस मापदंड से यह सुनिश्चित किया जाता है कि क्या यूएलबी सीऐंडडी अपशिष्ट प्रबंधन की सेवाएं देने के लिये वित्तीय संसाधन उत्पन्न कर रहा है। इस मापदंड के लि तहत अंकों का क्रमिक स्थापन इस बात पर निर्भर करता है कि क्या यूएलबी ने उपभोक्ता भार (charge) की सूचना दी है और क्या वह भार संग्रह कर रही है। यूबएलबी को इस मापदंड का उत्तर हां या ना में देना है। हां तभी कहना है जब यूएलबी उपभोक्ता भार के लिये अधिसूचना जारी कर चुका हो और भार संग्रह कर रहा हो।

उपभोक्ता शुल्क, यूएलबी द्वारा अपने क्षेत्र के नागरिकों को सेवाएं देने का शुल्क होता है

इस मापदंड के तहत अंकों का क्रमिक स्थापन

क्या सीऐंडडी अपशिष्ट के लिये उपभोक्ता भार की अधिसूचना दी गई है और क्या भार संग्रह किया गया है ?	
हां	8
नहीं	0

शहरी स्थानीय निकाय के सहायक प्रपत्र

यदि शहर ने उपभोक्ता भार की अधिसूचना दे दी है और वह सीऐंड डी प्रबंधन के लिये भार संग्रह कर रहा है, तो यूएलबी को साक्ष्य के रूप में निम्न प्रपत्र प्रस्तुत करने चाहिये।

- यूएलबी द्वारा जारी सीऐंडडी अपशिष्ट प्रबंधन के लिये उपभोक्ता भार का जीआर /स्टैंडिंग कमेटी या जनरल बॉडी के प्रस्ताव की प्रतिलिपि या
- यूएलबी द्वारा जारी नियमावली की प्रतिलिपि या
- पिछले अथवा चालू वित्त वर्ष सीऐंडडी उपभोक्ता भार के रूप में संग्रह किया गयी धनराशि

अपने प्राप्तांक अधिकतम करने के लिये यूएलबी को क्या करना चाहिये?

एक बार, यूएलबी द्वारा संग्रह और सीऐंडडी अपशिष्ट प्रबंधन का तंत्र स्थापित हो जाए, तो इसे उपभोक्ता शुल्क का एक प्रारूप (भार और दूरी पर निर्भर) तैयार करना चाहिये और स्टैंडिंग कमेटी/ जनरल बॉडी/राज्य सरकार से अनुमोदन मिलने पर उपभोक्ता भार की अधिसूचना (संबंधित राज्य के म्यूनिसिपल ऐक्ट के तहत) जारी करनी चाहिये।

इसके बाद, यूएलबी को उपभोक्ता भार संग्रह के लिये एक तंत्र स्थापित करना चाहिये।

(सी) व्यवसायिक क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन

इस वर्ग में विशेष रूप से व्यावसायिक क्षेत्रों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित मापदंडों की चर्चा है। इस वर्ग में 6 मापदंड दिये गये हैं। और यूएलएबी इस वर्ग से अधिकतम 102 अंक प्राप्त क सकती हैं।

1.1.5. व्यावसायिक सड़कों पर वार्डों के अनुसार गलियों की सफाई

उद्देश्य और परिभाषा

इस मापदंड में यह परीक्षण किया जाता है कि शहर की व्यावसायिक सड़कों पर कम से कम दिन में दो बार साफ की गयी है या नहीं। इसके प्राप्तांक व्यावसायिक क्षेत्रों के वार्डों में दो बार सफाई के प्रतिशत के आधार पर तय किये जाते हैं।

व्यावसायिक क्षेत्र की सड़कों का अर्थ ऐसी सड़कों से है, जहां नगर या वार्ड स्तर के व्यावसायिक केंद्र हों, जैसे फुटकर दुकान, कार्यालय कॉन्प्लेक्स, बाजार, रेस्टॉरेंट, होटल, व्यावसायिक स्थान अथवा गलियों के ठेले आदि।
(वार्डों की संख्या जहां व्यावसायिक क्षेत्र की सड़कें दिन में दो बार साफ की जाती हैं / शहर में वार्डों की कुल संख्या) 100
वार्ड का अर्थ है, चुनावी वार्ड

इस मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन

ऐसे वार्डों का प्रतिशत जहां दिन में दो बार सफाई की गई	
<100%	23
80% - 99%	16
60% to 79%	11
40 % - 59 %	5
Below 40%	0

शहरी स्थानीय निकाय के सहायक प्रपत्र

यूएलबी द्वारा साक्ष्य के रूप में निम्न प्रपत्र प्रस्तुत करने चाहिये

- व्यावसायिक सड़कों की वार्ड अनुसार सूची
- व्यावसायिक क्षेत्रों की दिन में दो बार सफाई के साक्ष्य के रूप में गतिविधि दस्तावेज / आरोग्य कर्मचारियों की रोस्टर रिपोर्ट
- अगर काम किसी बाहरी एजेंसी को आउटसोर्ट किय गया है, तो ऐसा समझौता प्रपत्र प्रस्तुत करना चाहिये, जिस पर व्यावसायिक क्षेत्रों में दिन में दो बार सफाई का अनुच्छेद हो।

यूएलबी को अपने प्राप्तांक अधिकतम करने के लिये क्या करना चाहिये ?

- सबसे पहले, यूएलबी को शहर के ऐसे सभी व्यावसायिक क्षेत्रों को चिह्नित करना चाहिये और वार्ड के अनुसार एक सूची तैयार करनी चाहिये।
- सभी व्यावसायिक क्षेत्रों को सफाई खंड में विभाजित कर देना चाहिये। एक खंड की सफाई की जिम्मेदारी एक सफाईकर्मी के सुपुर्द होनी चाहिये। प्रत्येक सफाई कर्मी क्षेत्र के घनत्व के आधार पर तय होना चाहिये और उसे

मीटर के अनुसार कार्यक्षेत्र सौंपना चाहिये। ("नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन" एमओयूडी के विशेषज्ञ समिति मैनुअल के अनुसार)

ए.	उच्च घनत्व क्षेत्र	300 से 350 मीटर
बी.	मध्यम घनत्व क्षेत्र	500 से 600 मीटर
सी.	निम्न घनत्व क्षेत्र	650 से 750 मीटर

- अगर यूएलबी अपने कर्मचारियों से इस तरह के क्षेत्रों की सफाई का प्रबंध कराने में असमर्थ है तो यूएलबी सफाई का काम उप अनुबंध पर सौंप सकती है।

अन्य शहरी स्थानीय निकायों के प्रमुख अभ्यास

एसडब्ल्यू एम का सर्वश्रेष्ठ कार्य, सड़कों की सफा एवं उपभोक्ता शुल्क का संग्रह– सूरत, गुजरात का एक उदाहरण।

सूरत म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन ने ठोस अपशिष्ट संग्रह के लिये कुशलतापूर्वक प्राथमिक संग्रह का एक विस्तृत सूक्ष्म योजना अभ्यास शुरू किया है। इसने एक विस्तृत मार्ग विन्यास, संग्रह तालिका, अपशिष्ट और ढेर में अपशिष्ट उत्पन्न करने वालों की पहचान, और गलियों के स्तर पर उत्पन्न होने वाले अपशिषट की मात्रा का खाका तैयार किया है।

एसएमसी ने सड़कों को पहचान कर उनका मापन कराके 211 ऐसे मार्ग चिह्नित किये जहां रात्रि सफाई (रात 10 बजे से सुबह 2 बजे तक) का निश्चय किया। एसएमसी की रात्रिकालीन सफाई के काम में करीब 1500 लोग लगे हैं। एसएमसी ने सूक्ष्म सफाई के लिये दो यांत्रिक सफाई मशीनें भी लगा रखी हैं।

एसएमसी एसडब्ल्यी एम के लिये सन 2009 से ही उपभोक्ता शुल्क वसूल रही है। एसएमसी का यह उपभोक्ता भार उस एकमुश्त संपत्ति कर के बिल का हिस्सा है जो सूरत में वार्षिक आधार पर वसूला जाता है। सूरत के लिये एसडब्ल्यूएम के कुल राजस्व आय का 74 : इन्ही उपभोक्ता भार के माध्यम से आता है। पिछले वर्ष, संपत्ति कर की संग्रह क्षमता 91 प्रतिशत थी। सूरत म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन के पास एक शक्तिशाली निगरानी तंत्र है, जिसमें एसडब्ल्यूएम के वाहन जीपीएस प्रणाली से सुसज्जित हैं। प्रत्येक प्राथमिक संग्रह वाहन के लिये एक विस्तृत टीपीएम (टाइम प्लेस मूवमेंट / समय स्थान गतिविधि) तैयार किया गया है।

एसएमसी गंदगी करने के लिये प्रशासनिक जुर्माना भी वसूल करती है। इसकी शुरुआत 1996 में की गई थी और शहर में जागरूकता फैलाने के लिये मीडिया और समाचारपत्रों के माध्यम से इसका प्रसार किया गया था। एसएमसी प्रतिवर्ष एक मीडिया नोट जारी करके जुर्माने के रूप में लोगों से वसूले गये धन की भी जानकारी देती है। एसएमसी के पास विभिन्न उल्लंघनों के जुर्माने की एक विस्तृत तालिका है।

देखये : एसबीएम पोर्टल पर इस उद्धृत अध्ययन का ई–पाठ्यक्र

चित्र : 6 सूरत में रात्रि सफई
सूत्र : शहरी प्रबंध केंद्र
(अर्बन मैनेजमेंट सेंटर–यूएमसी)

चित्र : 7 सूरत में डोर टू डोर संग्रह

1.1.6. व्यावसायिक क्षेत्रों से एमएसडब्ल्यू के अपशिष्ट संग्रह एवं ढुलाई योजना की उपलब्धता सीमा

उद्देश्य और परिभाषा

इस मापद्ड के तहत यह आकलन का जाता है कि क्या यूएलबी के पास विशेष रूप से व्यावसायिक क्षेत्रों से संग्रह और ढुलाई की की येजना है। प्राप्तांक व्यावसायिक क्षेत्रों के संग्रह एवं ढुलाई योजना के प्रतिशत पर निर्भर करते हैं

(ऐसे व्यावसायिक क्षेत्रों की संख्या जहां संग्रह और ढुलाई / शहर में व्यावसायिक क्षेत्रों की कुल संख्या)100

इस मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन

वार्डों का प्रतिशत जहां व्यावसायिक क्षेत्रों में दिन में दो बार सफाई की जाती है।	
<100%	23
80% - 99%	16
60% to 79%	11
40 % - 59 %	5
Below 40%	0

शहरी स्थानीय निकाय के सहायक प्रपत्र

साक्ष्य के रूप में यूएलबी द्वारा निम्न प्रपत्र उपलब्ध कराये जाने चाहिये

- संग्रह और ढुलाई योजना की प्रतिलिपि / मार्ग योजना जिसमें वार्ड अनुसार कवरेज प्रदर्शित हो
- व्यावसायिक क्षेत्र से अपशिष्ट संग्रह और ढुलाई के लिये तीसरे पक्ष के साथ अनुबंध की प्रतिलिपि

यूएलबी द्वारा अपने अंक अधिकतम करने के लिये क्या करना चाहिये?

जिन यूएलबी के पास कोई योजना नहीं है–

अधिप्राप्ति

- यूएलबी को व्यावसायिक क्षेत्र चिह्नित करके व्यावसायिक क्षेत्रों से अपशिष्ट संग्रह और ढुलाई के लिये वार्ड अनुसार एक सूक्ष्म योजना तैयार करनी चाहिये। यह योजना संपूर्ण शहर की एसडब्ल्यूएम कार्ययोजना का हिस्सा हो सकती है।

वित्त

- यूएलबी को स्वच्छ भारत मिशन के तहत राज्य सरकार के सहयोग से अपशिष्ट प्रबंधन के लिये अपनी एसडब्ल्यूएम कार्य योजना / डीपीआर तैयार करनी चाहिये। डीपीआर के लिये भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सलाहकार समीक्षा समिति (एनएआरसी) द्वारा निर्धारित प्रति इकाई मूल्य के नियमों के तहत मूल्य का 100 प्रतिशत प्रतिपूर्ति की जाती है।

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले सहायक प्रपत्र

यूएलबी को साक्ष्य के रूप में निम्न प्रपत्र प्रस्तुत करने चाहिये

- वैज्ञानिक प्रबंधन से संबंधित(किसी अन्य प्रपत्र के डीपीआर में) साक्ष्य जिसमें कूड़ा भराव स्थान के सुरक्षित और कार्यरत होने का संकेत हो (सुरक्षित नियंत्रण में एवं गैसों का रुकाव तथा प्रशोधन)

यूएलबी को अधिकतम प्राप्तांक के लिये क्या करना चाहिये?

जिन यूएलबी के पास इस तरह का तंत्र नहीं है,

- राज्य सरकार के सहयोग से ऐसे स्थान अथवा कूड़ा भराव स्थल को चिह्नित करना
- 0.5 मिलियन जनसख्या से कम वाले यूएलबी समूह बना कर एक निरोग कूड़ा भराव स्थल बना सकती हैं।

अधिप्राप्ति

- नीरोगात्मक उपाय के रूप में वर्तमान कूड़ा भराव स्थल के लिये, अगर यूएलबी ने कोई पहल नहीं की है तो, वह अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक एन में दिये गये कूड़े स्थल के बंदी और ढंकाव के लिये आदर्श आरएफपी को संदर्भित कर सकती हैं।

वित्त

- यूएलबी एसडब्ल्यूएम परियोजना के लिये अधिकतम 20 प्रतिशत अनुदानध्वीजीएफ प्रति परियोजना की दर से केंद्र सरकार से प्राप्त कर सकती हैं। एसबीएम के तहत म्यूनिसिपल एसडब्ल्यूएम परियोजनाओं के लिये वर्तमान जनसंख्या में प्रति शहरध्कस्बा रु.240 प्रति व्यक्ति की दर से केंद्र सरकार की सहायता उपलब्ध है।(संदभर्रू डी.ओ. नं. क्यू–15014ध्2ध्2009–सीपीएचईईओ)

अन्य शहरी स्थानीय निकायों के प्रमुख अभ्यास

गोराई भरण स्थल की बंदी– एक शहरी नवजीवन परियोजना, मुंबई

जब गोराई कूड़ा भराव स्थल पर ठोस नगर निकाय अपशिष्ट एकत्र होक अपनी क्षमता को छू गया, तो एमएसडब्ल्यू प्रबंधन और संचालन (एमऐंडएच) नियम 2000 के तहत इसकी वैज्ञानिक बंदी की रणनीति का खाका तैयार किया गया।इसके समतलीकरण और वर्तमान ऊंचाई के सुधार के लिये विस्तृत खाका बनाया गया। जिसमें पर्यावरणीय सुरक्षा के मापदंडों को शामिल किया गया। इस पर अभेद्य तल ढंकाव डाला गया। शीट पाइलिंग की गयी, ताकि ज्वार सैलाब में साइट सुरक्षित रहे। भरणस्थल की गैस का संग्रहण और प्रशोधन प्रणाली, हरित पट्टी का विकास, प्राकृतिक स्थिति, भरण स्थल पर हरित उपाय रेखांकित किया गया।

डंपसाइट को वैज्ञानिक ढंग से बंद करने की यह अपनी तरह की देश में पहली शुरुआत थी। ताकि भूमि को अन्य प्रयोगों के लिये फिर से प्राप्त किया जा सके।

परियोजना ने गोरी के लोगों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाया। मुंबई में 19 हेक्टेअर हरित भूमि प्राप्त हो गयी। पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार हुआ और वातावरण में तीन दशक बाद दुर्गंध खत्म हो गयी ।

इस केस स्टडी पर ई– शिक्षण देखिये : http://goo-gl/WRn5vR

पहले

बाद में

चित्र13 रू गोराई कूड़ा भरण स्थल की पहले और बाद की तस्वीरें
स्रोतरू म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन ऑफ ग्रेटर मुंबई(एमजीएम)

1.2.2 प्रशोधन/प्रक्रमण से पहले एमएसडब्ल्यू के यांत्रिक द्वितीयक प्रथक्करण की उपलब्धता

उद्देश्य और परिभाषा

इस मापदंड में आकलन किया जाता है कि क्या संग्रह किये गिये गये अपशिष्ट का प्रक्रमण और प्रशोधन से पहले द्वितीयक पृथ्ककरण (secondary segretion) हुआ नहीं। अंकों का क्रमिक स्थापन इस बात पर निर्भर करता है कि इस तरह का तंत्र उपलब्ध है अथवा नहीं।

द्वितीयक पृथक्करण हस्त चालित एवं यांत्रिक प्रणाली के संयोजन से किया जा सकता है। इस प्रणाली में कर्मचारी कनवेयर बेल्ट पर अपशिष्ट को विभिन्न धाराओं में अलग कर सकते हैं। यह पृथक्करण संपूर्ण रूप से यांत्रिक प्रणाली से भी संभव है, जहां अपशिष्ट का मनुष्यों से सीमित संपर्क होता है।

इस मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन

क्या प्रक्रमण और प्रशोधन से पहले पृथक्करण के लिये तकनॉलॉजी का प्रयोग किया गया?	
हां	45
नहीं	0

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले सहायक प्रपत्र

यूएलबी को साक्ष्य के रूप में निम्न प्रपत्र प्रस्तुत करने चाहिये

- डीपीआर अथवा किसी अन्य रिपोर्ट की प्रतिलिपि जिसमें उचित स्थल पर अपशिष्ट प्रथक्करण प्रणाली उपलब्ध हो।
- गर काम किसी बाहरी एजेंसी को दिया गया है तो अनुबंध की प्रतिलिपि
- प्रणाली स्थल के फोटोग्राफ

यूएलबी को अधिकतम प्राप्तांक के लिये क्या करना चाहिये?

- जिन यूएलबी के पास शहर में अपशिष्ट उठाने वालों की अच्छी क्षमता है, वे इस तरह के संसाधनों पर पकड़ बना के उन्हें औपचारिक रूप दे सकते हैं। इसके लिये कचरा चुनने वालों को पहचानपत्र, स्वास्थ्य बीमा एवं अन्य उपकरण देकर उनका उपयोग किया जा सकता है।
- इस तरह के तंत्र की अनुपस्थिति में यूएलबी पीपीपी के माध्यम से प्रथक्करण तंत्र के लिये एक प्रक्रमण इकाई स्थापित कर सकती है। एजेंसी चिह्नित करने के लिये अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक जी में इसके लिये आदर्श आरएफपी प्रस्तुत है

वित्त

- यूएलबी एसडब्ल्यूएम परियोजना के लिये अधिकतम 20 प्रतिशत अनुदान/वीजीएफ प्रति परियोजना की दर से केंद्र सरकार से प्राप्त कर सकती हैं। एसबीएम के तहत म्यूनिसिपल एसडब्ल्यूएम परियोजनाओं के लिये वर्तमान जनसंख्या में प्रति शहर/कस्बा रु.240 प्रति व्यक्ति की दर से केंद्र सरकार की सहायता उपलब्ध है। (संदर्भः डी.ओ.नं. क्यू–15014/2/2009–सीपीएचईईओ)
- यूएलबी एडब्ल्यूएम से संबंधित 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त एकीकृत अनुदान का भी उपयोग कर सकती हैं।

1.2.3.अपशिष्ट पुनर्प्राप्ति की सीमा

उद्देश्य और परिभाषा

इस मापदंड का उद्देश्य प्रशोधन के बाद कूड़ा स्थल पर डाले गये कुल अपशिष्ट का प्रतिशत जानना है। यूएलबी को पूरे अंक मिलते हैं, यदि प्रशोधन के बाद कुल उत्पन्न कूड़े का कुल 20 प्रतिशत ही कचरा स्थल पर डाला जाय।

(कार्यरत भरण स्थल पर डाले गये कुल अपशिष्ट (इसमें अनियोजित ढंग से डंप किया गया कचरा शामिल नहीं है)/शहर में उत्पन्न होने वाला कुल अपशिष्ट)*100

इस मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन

कूड़ा भराव स्थल पर जडाने वाला अपशिष्ट	
< 20%कूड़ा भरण स्थल पर गया	45
20%से ज्यादा कूड़ा भरण स्थल पर गया	0

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले सहायक प्रपत्र

यदि शहरी स्थानीय निकाय के पास कूड़ा भरण स्थल कार्यरत है, और कुछ सीमा तक प्रशोधन हो रहा है, तो उसे निम्न प्रपत्र प्रस्तुत करने चाहिये

- अपशिष्ट प्रशोधन प्लांट का संचालन विस्तार और रिपोर्ट
- रिकॉर्ड बुक की प्रतिलिपि जिसमें भरण स्थल पर जाने वाले कुल अपशिष्ट की विस्तृत जानकारी हो।
- रिपोर्ट की प्रतिलिपिध्अन्य प्रपत्र जिसमें शहर में कुल उत्पन्न होने वाले अपशि,ट का आकलन हो।

यूएलबी को अधिकतम प्राप्तांक के लिये क्या करना चाहिये?

जिन यूएलबी के पास इस तरह का प्रशोधन तंत्र नहीं है,

- यूएलबी को सबसे पहले एक अध्ययन करना चाहिये जिसमें शहर में उत्पन्न होने वाले कचरे की मात्रा और प्रकार का आकलन हो सके, इससे उचित तकनॉलॉजी के चयन में मदद मिलेगी। बड़े शहर विकेंद्रित प्रणाली प्रयोग कर सकते हैं, जबकि छोटे शहर केंद्रित प्रक्रमण इकाई का विकल्प चुन सकते हैं। यूएलबी इस अध्ययन के लिये किसी ऐसे अनुबद्ध संस्थान को नियुक्त कर सकती हैं, जो एमओयूडी द्वारा चयनित हो। अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक ओ में इसकी सूची उपलब्ध है।यूएलबी इस अध्ययन को एसबीएम के तकनॉलॉजी सलाहकार समूह 2005 को यथोचित तकनॉलॉजी के चयन के लिये भेज सकती हैं। रिपोर्ट अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक पी में संदि्र्भत है। अपशिष्ट से ऊर्जा तकनॉलॉजी के लिये, यूएलबी अपशिष्ट से ऊर्जा, 2014 पर टास्क फोर्स की रिपोर्ट को संदर्भित कर सकती हैं। यह अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक क्यू में प्रस्तुत है।
- प्रक्रमण/प्रशोधन प्लांट स्थापित करने के लिये एजेंसी को नियुक्त करने की प्रक्रिया में यूएलबी इन्हें संदर्भित कर सकती हैं–
  ए. अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक आर में दी गयी अपशिष्ट से ऊर्जा और निपटान सुविधाका आदर्श आरएफपी।

बी. आंध्र प्रदेश में म्यूनिसिपल ठोस अपशिष्ट को ऊर्जा प्रक्रमण सुविधा में परिवर्तित करने के लिये विकास साझीदार का चयन अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक एस में दिया गया है।

- अपशिष्ट से ऊर्जा तकनॉलॉजी प्रदाता की सुझाव सूची अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक टी में दी गयी है।
- यूएलबी और निजी एजेंसियों के बीच अनुबंध कराने वाले अनुबद्ध ट्रांजैक्शन सलाहकारों की सूची अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक यू में प्रस्तुत है।

वित्त

- एसडब्ल्यूएम परियोजना के लिये यूएलबी अधिकतम 20 प्रतिशत अनुदानध वीजीएफ प्रति परियोजना की दर से केंद्र सरकार से प्रप्त कर सकती हैं। एसबीएम के तहत म्यूनिसिपल एसडब्ल्यूएम परियोजनाओं के लिये वर्तमान जनसंख्या में प्रति शहरध्कस्बा रु.240 प्रति व्यक्ति की दर से केंद्र सरकार की सहायता उपलब्ध है।(संदभर्रु डी.ओ. नं. क्यू–15014ध्2ध्2009–सीपीएचईईओ)
- यूएलबी एडब्ल्यूएम से संबंधित 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त एकीकृत अनुदान का भी उपयोग कर सकती हैं।

अन्य शहरी स्थानीय निकायों के प्रमुख अभ्यास

विकेंद्रित अपशिषट प्रबंधन, शून्य अपशिष्ट वार्ड, पुणे

जनवाणी के साथ पुणे म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन ने, एसडब्ल्यूएसीएच सहकारी और अन्य संगठनों की पहल पर शहर में शून्य अपशिष्ट वार्ड की सुरात की। शून्य कचरा वार्ड वह वार्ड है जहां निवासियों द्वारा उत्पन्न सारा कचरा स्थानीय स्तर पर ही प्रक्रमित/निष्पादित किया जा सकता है। इससे भरण स्थलों पर दबाव कम हो जाता है और परिवहन का कर्च कम हो जाता है। कटराज वार्ड में लगभग 1200 प्रतिष्ठान हैं, जहां निम्न और उच्च आय वाली ढेरों आवासीय और व्यावसायिक इकाइयां हैं। उच्च आय वाले अपार्टमेंट परिसर हैं, पृथक बंगले हैं, आवास सोसायटीज हैं, उद्योग हैं, फैक्ट्रियां, दुकान, झोंपड़ पट्टियां और ग्रीण क्षेत्र हैं, उसे पहले लक्ष्य के रूप में चुना गया।सूखे और नम अपशिष्ट के प्रथक्करण के लिये जोरदार जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें पोस्टर, प्रदर्शनी और कठपुतली प्रदर्शन शामि है। कमिंस इंडिया, जो एक औद्योगिक इकाई है, उसने वार्ड में 11000 घरों और व्यावसायिक केंद्रों के लिये कूड़ेदान खरीदे। आज, करीब 7500 प्रतिष्ठान कचरा चुनने वालों को करीब 9 टन कचरा प्रतिदिन देते हैं। करीब 3 टन नम अपशिष्ट कचरा बीनने वालों द्वारा प्रथक किया जाता है, जो बायो गैस प्लांट में भेजा जाता है। खुले स्थानों पर आनुपातिक रूप में कचरा भराव और जलाने का अभ्यास घटा है, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा भराव कम हुआ है। इन प्रयासों से सूखे अपशिष्ट का संग्रह भी बढ़ा है, जिससे अधिक कचरा पुनर्चक्रण के लिये बेचा जाने लगा है। बहरहाल, काफी मात्रा में अपशिष्ट जो सूखे न बेचे जा सकने वाले अपशुष्ट और कम मूल्य के अपशिष्ट अथवा मिश्रित अपशिष्ट अब भी भरण स्थल पर भेजे जाते हैं।

1.2.4 प्रक्रमण संयत्र की क्षमता

उद्देश्य और परिभाषा

इस मापदंड का उद्देश्य प्रक्रमण संयंत्र (processing plant) के संछालन तंत्र की क्षमता जानना और प्रकर्मण सुविधा के कार्य घंटों को दर्ज करना है। यह मापदंड संचालन क्षमता का अनुमान देता है।

(प्रतिमाह प्रत्येक प्रक्रमण संयंत्र के संचान घंटे / माह में दिनों की संख्या)

इस मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन

प्रतिदिन संयंत्र संचालन के घंटों की संख्या	
प्रतिदिन 8 घंटे या अधिक संचालन	54
प्रतिदिन 4–7 घंटे	41
प्रतिदिन 4 घंटे से कम	32

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा दिये जाने वाले सहायक प्रपत्र

साक्ष्य के रूप में यूएलबी के निम्न प्रपत्र प्रस्तुत करने चाहिये

- संयंत्र के संचालन के घंटों की स्पष्ट निगरानी के लिये प्रक्रमण संयंत्र के डीपीआर की प्रतिलिपि
- संयंत्र में जमा अपशिष्ट प्रशोधन प्रक्रमण प्रतिमाह घंटों की संख्या के साथ संचालन की प्रतिलिपि

यूएलबी को अधिकतम प्राप्तांक के लिये क्या करना चाहिये?

जिन यूएलबी के पास इस तरह का प्रशोधन तंत्र नहीं है,

- यूएलबी को सबसे पहले अपशिष्ट की मात्रा, अपशिष्ट के प्रकार और शहर के आकार के अनुसार यथोचित तकनॉलॉजी का चयन करना चाहिये। यूएलबी इसके लिये एसबीएम के तकनॉलॉजी सलाहकार समूह 2005 को यथोचित तकनॉलॉजी के चयन के लिये भेज सकती हैं। रिपोर्ट अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक पी में संदिर्भत है। अपशिष्ट से ऊर्जा तकनॉलॉजी के लिये, यूएलबी अपशिष्ट से ऊर्जा, 2014 पर टास्क फोर्स की रिपोर्ट को संदर्भित कर सकती हैं। यह अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक क्यू में प्रस्तुत है।
- यदि यूएलबी के अपनी क्षमता नहीं है, तो वह प्रक्रमण संयंत्र के लिये पीपीपी अनुबंध कर सकती है। यूएलबी और निजी एजेंसियों के बीच अनुबंध कराने वाले अनुबद्ध ट्रांजैक्शन सलाहकारों की सूची अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक आर में प्रस्तुत है।

जिन यूएलबी के पास प्रक्रमण संयंत्र हैं, लेकिन अपनी पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहे हैं, वे

- संचालक की क्षमता की समीक्षा करके आवश्यक कार्यवाही करें ताकि संयंत्र अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य कर सके।

वित्त

- एसडब्ल्यूएम परियोजना के लिये यूएलबी अधिकतम 20 प्रतिशत अनुदान/वीजीएफ प्रति परियोजना की दर से केंद्र सरकार से प्रप्त कर सकती हैं। एसबीएम के तहत म्यूनिसिपल एसडब्ल्यूएम परियोजनाओं के लिये वर्तमान जनसंख्या में प्रति शहर/कस्बा रु.240 प्रति व्यक्ति की दर से केंद्र सरकार की सहायता उपलब्ध है। (संदर्भ डी.ओ.नं. क्यू–15014/2/2009–सीपीएचईईओ)

सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय

1.3.सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय (कुल अंक 135)

इस वर्ग में सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण और देखरेख से संबंधित मापदंड होते हैं। मापदंडों के कुल अंक 11 होते हैं और यूएलबी अधिकतम 135 प्राप्तांक अर्जित कर सकती हैं।

1.3.1 सार्वजनिक/सामुदायिक शौचालय के प्रावधान के आकलन की उपलब्धता

उद्देश्य और परिभाषा

इस मापदंड में आकलन होता है कि क्या यूएलबी ने शहर में सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की आवश्यकता के आकलन के लिये कोई आधार रेखा का सर्वेक्षण किया है।

स्वच्छ भारत दिशानिर्देशों के अनुसार,

- 1 किलोमीटर के भीतर सभी व्यावसायिक क्षेत्रों में एक सार्वजनिक शौचालय होना चाहिये।
- ऐसे सभी झोंपड़पट्टी क्षेत्र या झोंपड़पट्टी जैसे क्षेत्रों के निवासी जो शौचालय निर्माण नहीं करा सकते, उनके लिये 500 मीटर के भीतर एक सामुदायिक शौचालय होना चाहिये। (पत्र संदर्भ संख्यारू डी.ओ. नं. जेड–11021/04/2016–प्प)

इस मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन

क्या पीटी (सार्वजनिक शौचालय) एवं सीटी (सामुदायिक शौचालय) प्रावधान के लिये अध्ययन किया गया?	
हां	9
नहीं	0

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले सहायक प्रपत्र

शहरी स्थानीय निकाय को अध्ययन संचालित करने के साक्ष्य के रूप में निम्न प्रपत्र प्रस्तुत करने चाहिये

- रिपोर्ट/आकलन की प्रतिलिपि, जो अध्ययन अथवा सर्वेक्षण के आधार पर तैयार किये गये हों।

यूएलबी को अधिकतम प्राप्तांक के लिये क्या करना चाहिये?

अधिप्राप्ति

- यूएलबी इस तरह का आकलन अपने आरोग्य कर्मियों द्वारा संचालित कर सकती है अथवा अध्ययन के लिये किसी को नियुक्त या आउटसोर्स कर सकती है। यूएलबी को कार्य अनुबंध के समय एमओयूडी द्वारा अनुबद्ध एजेंसियों को संदर्भित करना चाहिये। (देखिये अनुलग्नक पुस्तक का अनुलग्नक डी)

वित्त

- यूएलबी को वित्तीय एवं तकनीकी सहायता के लिये देश में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की सूची से स्वच्छ भारत भागीदार गठबंधन की सूची में किसी एजेंसी से संपर्क करना चाहिये। पूरी सूची देखने के लिये अनुलग्नक पुस्तक का अनुलग्नक वी देखें।

- योजना, निर्माण एवं ओऐंडएम सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचालय के अधिक विस्तार को जानने के लिये देखिये, ई पाठ्यक्रम शिक्षण, स्वच्छ भारत पोर्टल : http://goo.gl/mT7seI और http://goo.gl/asQ9Vk

अन्य शहरी स्थानीय निकायों के प्रमुख अभ्यास

सैनिटेशन मैपिंग विशाखापटनम

ग्रेटर विशाखापटनम ने डब्ल्यूएसयूपी ऐडवाइजरी ऐंड अर्बन मैनेजमेंट सेंटर की सहायता से एक आरोग्यता ;दपजंजपवदद्ध मापने का अभ्यास शुरू किया। इस अभ्यास में निम्न प्रमुख अवयव शामिल किये गये, जो ग्रेटर विशाखापटनम म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन को समस्या वाले क्षेत्रों की पहचान करने और सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचालयों के निर्माण वाले स्थानों को चिह्नित करने में सहायक होंगे।

- जीवीएमसी एवं अन्य प्रशासनों द्वारा संबंधित वर्तमान द्वितीयक भौगोलिक आंकड़ों (सेकंडरी ज्योग्राफिक डाटा) का संग्रह एवं संपादन, इनकी विश्वसनीयता और परिपूर्णता का आकलन (उदाहरण– स्रोत, संग्रह की कार्यपद्धति)
- एक भौगोलिक सूचना तंत्र (ज्योग्राफिक इनफॉरमेशन सिस्टम–जीआईएस) डाटाबेस की रूपरेखा एवं नॉलेज मैनेजमेंट डाटाबेस की रूपरेखा बनाना जिसे जीवीएमसी पूरा करके एसवीएम लागू कर सके।
- सभी झोंपड़पट्टी क्षेत्रों / गरीब पट्टियों से प्राथमिक आंकड़े जुटाना और उन्हें संपादित करना, जहां लोग खुले में शौच कर रहे हैं। इसमें खुले में शौच करने वाले स्थानों का संपूर्ण क्षेत्रवार मापन और इसे डाटाबेस में जोड़ना शामिल है।
- ग्रेटर विशाखापटनम में सभी सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों के प्राथमिक आंकड़ों का संग्रह एवं संपादन। इसमें उनके स्थान आकार, कार्यक्षमता, शुचिता एवं प्रबंधन प्रणाली का अध्ययन और इसे जीआईएस डाटाबेस में शामिल करना।
- शहर के स्कूल, कॉलेज, बाजार तथा अन्य संस्थानों एवं उनके स्थान कार्यक्षमता, शुचिता और प्रबंधन प्रणाली के आंकड़ों का संग्रह और संपादन (प्राथमिक एवं द्वितीयक का मिश्रण) तथा इन्हें जीवीएस डाटाबेस में शामिल करना।



चित्र14: सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों की वर्तमान स्थित जानने के लिये जीवीएमसी द्वारा कराया गया मापन (उंचचपदह) य स्रोतः अर्बन मैनेजमेंट सेंटर (यूएमसी), वाटर ऐंड सैनिटेशन फॉर अर्बन पूअर (डब्ल्यूएसयूपी)।

1.3.2. सार्वजनिक शौचालयों के निमाण की क्षमता

उद्देश्य और परिभाषा

इस मापदंड में आकलन होता है कि शहर में कितने सार्वजनिक शौचालयों का लक्ष्य है और वास्तव में कितने शौचालयों का निर्माण हुआ। इससे शौचालयों के निर्माण की क्षमता का अनुमान होता है। जितना बड़ा खाली स्थान होगा, यूएलबी को उतने कम अंक मिलेंगे।

(पीटी निर्माण की वास्तविक संख्या(जिन्हें पूरा होने का प्रमाणपत्र मिल गया हो)/शहर द्वारा पीटी निर्माण का लक्ष्य)*100

इस मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन

शहर के लक्ष्य और निर्मित शौचालयों की वास्तविक संख्या के बीच का अंतर	
कोई अंतर नहीं	23
1–25	16
26–50	11
51–75	5
75 से कम	0

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य प्रपत्र

यूएलबी को साक्ष्य के रूप में निम्न प्रपत्र प्रस्तुत करने चाहिये

- एसबीएम पोर्टल से लिया गया सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लक्ष्य की प्रतिलिपि।
- कुल निर्मित सार्वजनिक शौचालयों की संख्या का साक्ष्य उनके पूरे होने के प्रमाणपत्र के साथ।

यूएलबी को अधिकतम प्राप्तांक के लिये क्या करना चाहिये?

- अपने प्राप्तांक अधिकतम करने के लिये यूएलबी को को सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि उनके शहर में सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण का जो लक्ष्य था उसे पूरा कर लिया गया है। यूएलबी को यह भी सुनिश्चित करना चाहिये कि उनका प्रदर्शन स्तर एसबीएम के पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट किया जाय।
- पोर्टल अपडेट करने की एक मार्गदर्शिका एसबीएम के ई पाठ्यक्रम वेबसाइट पर उपलब्ध है, पाठ्यक्रम 801रू एसबीएम पोर्टल पर अद्यतन गतिविधियों के लिये वीडियो के निर्देशरू http://goo-gl/cVwuZe

अधिप्राप्ति

- यूएलबी सार्वजनिक स्थानों पर चलित शौचालय स्थापित कर सकती हैं। अधिप्राप्ति की प्रक्रिया के केरम में यूएलबी डीजीएसऐंडडी द्वारा जारी संबंधित राज्य के अनुबंध मूल्य का संदर्भ ले सकती हैं। अनुबंध मूल्य का एक नमूना अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक डब्ल्यू में देखा जा सकता है।

•वित्त

- एसबीएम के तहत सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण के लिये केंद्र सरकार किसी तरह की प्रोत्साहन राशि नहीं देती। फिर भी, यूएलबी अपने संबंधित राज्य से, यदि कोई प्रावधान है, तो धन प्राप्त कर सकती हैं।
- सार्वजनिक शौचालयों के लिये भूमि चिह्नित करने का काम राज्य अथवा यूएलबी द्वारा किया जाना चाहिये।
- पीटी का निर्माण या तो यूएलबी द्वारा किया जाना चाहिये या फिर पीपीपी समझौते के अनुसार। सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण के लिये नमूने का पीपीपी आरएफपी ग्रेटर विशाखापटनम म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन (जीवीएमसी) ने प्राप्त किया है, जिसे अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक एक्स में देखा जा सकता है।
- न्यू डेलही म्यूनिसिपल काउंसिल द्वारा सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण के लिये नमूने का आरएफपी भी उपलब्ध है जिसमें अभिकल्पना, निर्माण कार, संचालन एवं स्थानांतरण तंत्र दिया गया है। इसे अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक वाई से प्राप्त किया जा सकता है।
- विज्ञापन अधिकार द्वारा सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण के लिये अतिरिक्त धनराशि की सहायता भी प्राप्त की जा सकती है।

योजना, निर्माण, और सार्वजनिक शौचालयों के ओऐंडएम पर अधिक विस्तृत जानकारी के लिये देखें ई पाठ्यक्रम शिक्षण : http://goo-gl/asQ9Vk

अन्य शहरी स्थानीय निकायों के प्रमुख अभ्यास

तमिलनाडु के नम्मा शौचालय

तमिलनाडु कमिश्नरेट ऑफ म्यूनिसिपल ऐडमिनिस्ट्रेशन ने, अरबन इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सहयोग से राज्य में खुले में शौच को समाप्त करने के लिये, नम्मा शौचालयों की पहल की है। ऐसी पहली स्थापना 2013 में टम्बारम में हुई, जो चेन्नै शहर के बाहरी क्षेत्र में एक भीड़ वाले बस टर्मिनस में है। यहां स्थापित शौचालय को लगभग 1200 लोग प्रतिदिन प्रयोग करते हैं और लगभग ढाई साल बाद भी यह नया जैसा लगता है। टम्बारम में सफलता के बाद राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि त्रिची के स्रीरंगम में एक धार्मिक एवं पर्यटन स्थल पर भी इसे स्थापित किया जाय। उपरोक्ट शौचालय का निर्माण मई 2013 में हुआ था जो बहुत बड़ी सफलता बन गया। इसकी सफलता के बाद लोकप्रिय पर्यटन स्थल ऊटी को चुना गया और सितंबर 2013 में तीन स्थानों पर इसकी स्थापना कर दी गई। यह भी पूरी तरह सफल रहे और इसके बाद नवंबर 2013 में निर्णय लिया गया कि पूरे तमिलनाडु राज्य में नम्मा शौचालयों का निर्माण किया जाएगा।

चित्र15 : दिव्यांगों (physically challnged) के लिये नम्मा शौचालयय स्रोतः अर्बन इंडस्ट्रीज लिमिटेड, चेन्नई

1.3.3.सामुदायिक शौचालयों के निर्माण की क्षमता

उद्देश्य और परिभाषा

इस मापदंड में आकलन होता है कि शहर में कितने सामुदायिक शौचालयों का लक्ष्य है और वास्तव में कितने शौचालयों का निर्माण हुआ। इससे सामुदायिक शौचालयों के निर्माण की क्षमका का अनुमान होता है। जितना बड़ा अंतर होगा, यूएलबी को उतने कम अंक मिलेंगे।

समुदायिक शौचालय वहां के निवासियों के लिये शौच की समस्या के समाधान के लिए उपलब्ध कराए गयी एक साझा सुविधा है। सामुदायिक शौचालय कम आय वाले अनौपचारिक बस्तियों जहां भूमि की कमी हैं, में मुख्य रूप से इस्तेमाल कर रहे हैं। फ्लश विकल्प आमतौर पर ओ.एस.एस. सिस्टम के इस प्रकार में प्रयोग किया जाता है। यह भी धोने, नहाने, और समुदाय के उपयोग के लिए एक तरह की सुविधा प्रदान करने की सलाह दी जाती है। (स्वच्छ भारत मिशन दिशानिर्देश)।

(सामुदायिक शौचालयों के निर्माण की वास्तविक संख्या (जिन्हें पूरा होने का प्रमाणपत्र मिल गया हो)/शहर द्वारा सीटी निर्माण का लक्ष्य)*100

इस मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन

शहर में सामुदायिक शौचालयों के निर्माण का लक्ष्य और निर्मित शौचालयों की वास्तविक संख्या के बीच का अंतर	
कोई अंतर नहीं	11
1–25	8
26–50	5
51–75	3
75 से कम	0

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य प्रपत्र

यूएलबी को साक्ष्य के रूप में निम्न प्रपत्र प्रस्तुत करने चाहिये

- एसबीएम पोर्टल से लिया गया सामुदायिक शौचालय निर्माण के लक्ष्य की प्रतिलिपि।
- कुल निर्मित सामुदायिक शौचालयों की संख्या का साक्ष्य उनके पूरा होने के प्रमाणपत्र के साथ।

यूएलबी को अधिकतम प्राप्तांक के लिये क्या करना चाहिये?

- अपने प्राप्तांक अधिकतम करने के लिये यूएलबी को को सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि उनके शहर में सामुदायिक शौचालयों के निर्माण का जो लक्ष्य था उसे पूरा कर लिया गया है। यूएलबी को पीटी एवं सीटी के लिये स्वच्छ आंध्र कॉरपोरेशन, आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का संदर्भ प्राप्त कर लेना चाहिये। यह दिशा निर्देश अनुलग्नक पुस्तक के अनुलग्नक जेड से प्राप्त किये जा सकते हैं।
- यूएलबी को यह भी सुनिश्चित करना चाहिये कि इन शौचालयों का प्रदर्शन स्तर नियमित रूप से एसबीएम

पोर्टल पर अद्यतन होता रहे। पोर्टल अपडेट करने की एक मार्गदर्शिका एसबीएम के ई पाठ्यक्रम वेबसाइट पर उपलब्ध है, पाठ्यक्रम 801: एसबीएम पोर्टल पर अद्यतन गतिविधियों के लिये वीडियो के निर्देश, http://goo-gl/cVwuZe

वित्त

- एसबीएम के तहत यूएलबी धनराशि प्राप्त कर सकती हैं।
- सामुदायिक शौचालयों के निर्माण के लिये केंद्र सरकार प्रोत्साहन राशि के रूप में 40: अनुदान / वीजीएफ प्रत्येक सामुदायिक शौचालय खंड के ले देती है।
- राज्य सरकार 25: और केंद्र सरकार 75: धनराशि सामुदायिक सौचालयों के निर्माण में सहयोग के रूप में देती हैं।
- योजना, निर्माण, और सामुदायिक शौचालयों के ओऐंडएम पर अधिक विस्तृत जानकारी के लिये देखें ई पाठ्यक्रम शिक्षण: http://goo-gl/mT7sel

1.3.4.एसबीएम पोर्टल पर सार्वजनिक शौचालयों के आंकड़ा अद्यतन (data updation)

उद्देश्य और परिभाषा

इस मापदंड में आकलन होता है कि क्या यूएलबी एसबीएम पोर्टलपर डाटा अपडेट कर रही हैं।

नियमित अपडेट का अर्थ है यूएलबी द्वारा हर 15 दिनों के भीतर निर्माण कराये गये शौचालय

सार्वजनिक शौचालय चलती फिरती जनसंख्या के लिये/सामान्य नागरिकों के लिये ऐसे स्थानों पर उपलब्ध कराये जाते हैं, जैसे बाजार, रेलवे स्टेशन, अन्य सार्वजनिक क्षेत्र, जहां से बड़ी संख्या में लोग गुजरते हैं। (स्वच्छ भारत मिशन गाइडलाइन्स)

इस मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन

क्या एसबीएम पोर्टल पीटी निर्माण की संख्या के साथ अपडेट किया गया	
हां	11
नहीं	0

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्रस्तुत कये जाने वाले प्रपत्र

यूएलबी को साक्ष्य के रूप में निम्न प्रपत्र प्रस्तुत करने चाहिये

- निर्मित सार्वजनिक शौचालयों की सूची
- एसबीएम पर अपलोड की गयी निर्मित सार्वजनिक शौचालयों की सूची

यूएलबी को अधिकतम प्राप्तांक के लिये क्या करना चाहिये?

- यूएलबी को अपने प्राप्तांक अधिकतम करने के लिये सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि उनका प्रदर्शन स्तर नियमित रूप से एसबीएम पोर्टल पर अपडेट हो रहा है।
- पोर्टल अपडेट करने के लिये एक मार्गदर्शिका एसबीएम के ई–पाठ्यक्रम वेबसाइटरू पाठ्यक्रम 801: पर एसबीएम पोर्टल पर अद्यतन गतिविधियों के लिये निर्देश वीडियो है, http://goo-gl/cVwuZe
- यूएलबी यह संभावना भी देख सकती हैं कि क्या एसबीएम पोर्टल अपडेट करने के लिये किसी बाहरी एजेंसी की आवश्यकता है।

1.3.5एसबीएम पोर्टल पर सामुदायिक शौचालयों के आंकड़ा अद्यतन (data updation)

उद्देश्य और परिभाषा

यह मापदंड आकलन करता है कि क्या यूएलबी एसबीएम पोर्टल पर डाटा अपडेट कर रही हैं।

सामुदायिक शौचालय खंड निवासियों के किसी समूह अथवा संपूर्ण बसावट के लिये सुविधा की भागीदारी है। सामुदायिक शौचालय खंड प्राथमिक रूप से निम्न आय वर्ग के लिये है जो अनौपचारिक बसावट में रहते हैं। जहां भूमि अथवा स्थान बाधित रहता है। इस प्रकार की ओएसएस प्रणाली में सामान्य रूप से फ्लश का विकल्प प्रयोग होता है। यह सलाह भी दी जाती है कि यहां इन खंडों में समुदाय के लिये नहाने, धोने और इनसिनरेटर की सुविधा उपलब्ध करायी जाय। (स्वच्छ भारत मिशन दिशा निर्देश)

इस मापदंड के लिये अंकों का क्रमिक स्थापन

क्या एसबीएम पोर्टल सीटी निर्माण की संख्या के साथ अपडेट किया गया	
हां	11
नहीं	0

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्रस्तुत कये जाने वाले प्रपत्र

यूएलबी को साक्ष्य के रूप में निम्न प्रपत्र प्रस्तुत करने चाहिये

- निर्मित सामुदायिक शौचालयों की सूची
- एसबीएम पर अपलोड की गयी निर्मित सामुदायिक शौचालयों की सूची

यूएलबी को अधिकतम प्राप्तांक के लिये क्या करना चाहिये?

- यूएलबी को अपने प्राप्तांक अधिकतम करने के लिये सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि उनका प्रदर्शन स्तर नियमित रूप से एसबीएम पोर्टल पर अपडेट हो रहा है।
- पोर्टल अपडेट करने के लिये एक मार्गदर्शिका एसबीएम के ई–पाठ्यक्रम वेबसाइटरू पाठ्यक्रम 801रू पर एसबीएम पोर्टल पर अद्यतन गतिविधियों के लिये निर्देश वीडियो है, http://goo-gl/cVwuZe
- यूएलबी यह संभावना भी देख सकती हैं कि क्या एसबीएम पोर्टल अपडेट करने के लिये किसी बाहरी एजेंसी की आवश्यकता है।

1.3.6. सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव के प्रारूप

उद्देश्य और परिभाषा

यह प्राचल यूएलबी द्वारा सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव की प्रक्रिया के आकलन करने के लिए है। उन यूएलबी को अधिकतम अंक दिये जाते हैं,जो यूएलबी कर्मचारियों द्वारा रखरखाव के बाद तीसरे पक्ष/निजी ठेकदार को काम के ठेके देकर पीटी का रखरखाव करता है।

सार्वजनिक शौचालय बाजार,रेलवे स्टेशन या उन अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों जैसे स्थानों में अस्थायी आबादी/ सामान्य लोगों के लिए उपलब्ध कराये जाते हैं, जहां बड़ी संख्या में लोगों का आना–जाना लगा रहता है।

(स्वच्छ भारत मिशन दिशानिर्देश)

इस मानदंड के लिए अंकों की श्रेणी

किस तरह सार्वजनिक शौचालयों का रखरखाव होता है ?	
तीसरे पक्ष/निजी ठेकेदार द्वारा रखरखाव	23
नगर निगम कर्मचारियों द्वारा रखरखाव	11
कोई रखरखाव नहीं	0

शहरी स्थानीय निकाय से सहायक दस्तावेज

ाहरी स्थानीय निकाय को साक्ष्य के रूप में निम्नलिखित दस्तावेज उपलब्ध कराने चाहिए,

- तीसरे पक्ष के रखरखाव का ठेका
- सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव हेतु लगाये गए सफाई कर्मचारियों के लिए गतिविधि का हिसाब किताब

अंक को अधिकतम करने के लिए शहरी स्थानीय निकाय को क्या करना चाहिए ?

- स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाये जाने वाले सभी नये सार्वजनिक शौचालयों के रखरखाव को एक ढांचे के साथ बनाया जाना चाहिए।
- शहरी स्थानीय निकाय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपने क्षेत्राधिकार के भीतर सभी सार्वजनिक शौचालय के पास अपने रखरखाव के ढांचे हों।मौजूदा सार्वजनिक शौचालयों के लिए ऐसा या तो निजी एजेंसी को इस सेवा के लिए ठेका दिया जा सकता है या फिर इनके रखरखाव के लिए समर्पित शहरी स्थानीय निकाय के कर्मचारियों को सौंपा जा सकता है।
- प्रस्ताव के लिए अनुरोध वाला प्रारूप तथा सार्वजनिक शौचालयों के संचालन एवं रखरखाव के लिए संविदा समझौते तथा पश्चिम बंगाल में संबन्धित सुविधाओं को अनुलग्नक पुस्तिका के अनुलग्नक ।। में प्रस्तुत किया गया है।
- शहरी स्थानीय निकाय,स्थानीय प्रबंधन केन्द्र द्वारा सार्वजनिक शौचालयों की सफाई के लिए किसी मानक संचालन प्रावधान को लेकर इंगित कर सकते हैं। यह अनुलग्नक पुस्तिका के अनुलग्नक ।ठ में प्रस्तुत किया गया है।

अधिप्राप्ति

- शहरी स्थानीय निकाय को अपने रखरखाव के लिए निजी–सार्वजनिक भागीदारी को अपनाकर सार्वजनिक शौचालयों का संरक्षण करना चाहिए। निजी एजेंसियों के साथ अनुबंध में इस बात का स्पष्ट जिक्र होना चाहिए कि समुदाय से कितना शुल्क वसूला जाना है।रखरखाव को लेकर सभी अनुबंध कम से कम पांच साल के लिए होने चाहिए।
- सार्वजनकि–निजी भागीदारी के माध्यम से सार्वजनिक शौचालय के निर्माण के लिए ग्रेटर विशाखापट्टनम नगरनिगम(जीवीएमसी) द्वारा प्रदत्त प्रस्ताव के लिए अनुरोध का एक प्रारूप,जिसमें अनुलग्नक पुस्तिका के अनुलग्नक ग में संचालन एवं रखरखाव शामिल है।
- डिजाइन,निर्माण,संचालन तथा स्थानांतरण प्रणाली के माध्यम से सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण के लिए नई दिल्ली नगगरनिगम परिषद दावारा प्रदत्त प्रस्ताव के लिए अनुरोध के एक प्रारूप अनुलग्नक पुस्तिका के अनुलग्नक में दिया जाता है।

अन्य स्थानीय निकायों के अग्रणी अमल

1999 में एक अंतर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक संगठन,वाटर एड के सहयोग से तिरुचिरापल्ली नगर निगम ने 25 शौचालयों की मरम्मत की। इसका इस्तेमाल महिलाओं ने प्रति इस्तेमाल 50 पैसे की दर से तत्काल ही शुरू कर दिया। हाल ही में किये गए एक अध्ययन के मुताबिक इससे प्रति परिवारों पर खर्च होने वाली चिकित्सकीय राशि में 88प्रतिशत की कमी आयी। इन दुरुस्त किये गए शौचालयों का रखरखाव इस स्वैच्छिक संगठन संरक्षण के तहत निर्मित स्वयं सहायता समूह द्वारा होता है।

स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रबंधित ये शौचालय इतने साफ–सुथरे थे कि त्रिची नगरनिगम ने फैसला किया कि सभी शौचालयों के रखरखाव का जिम्मा उसी सहायता समूह को सौंप दिया जाए। इस स्वैच्छिक संगठन ने हर एक शौचालय के उपयोगकर्ता समूह से स्वयं सहायता समूह बनाया तथा उन शौचालयों को बहुत ही साफ सुथरे तरीके से संचालित किया। बताया जाता है कि आज उन चंद सबसे सफल स्वयं सहायता समूहों के पास लगभग एक लाख रुपये की जमा पूंजी राशि है। कुछ के पास एक से दो लाख रुपये की लागत से बने सामुदायिक केन्द्र भवन हैं,ताकि उनका इस्तेमाल सामान्य कार्यों के लिए किया जा सके तथा उनमें से ज्यादातर अपने सदस्यों को आवश्यकता के समय अग्रिम ऋण उपलब्ध कराते हैं। त्रिची में लगभग 20,000 झुग्गी वासी प्रत्येक दिन इस सामुदायिक शौचालय का इस्तेमाल करते हैं तथा इस सुविधा के लिए उनमें से हर एक शुल्क अदा करते हैं। इनमें से ज्यादातर शौचालय 16 घंटे तक खुले रहते हैं तथा उनमें से कुछ तो 24 घंटों इस्तेमाल के लिए खुले रहते हैं।

चित्र 16: त्रिची में स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रबंधित सामुदायिक शौचालय

स्रोत: http://arghyam-org/focus&areas/improving&water&and&sanitation&in&urban&slums&in&trichy/

1.3.7. सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव का प्रारूप

उद्देश्य और परिभाषा

शहरी स्थानीय निकाय द्वारा इस मानक स्तर का इस्तेमाल सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव के उपायों के आकलन में किया जाता है। समुदाय द्वारा सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव के लिए अधिकतम अंक दिये जाते हैं।जबतक किसी समुदाय द्वारा इसका प्रबंधन नहीं किया जाता है, तबतक एक मूल बुनियादी ढांचे का कायम रहना बहुत चुनौती भरा होता है। अगर समुदाय इन सुविधाओं का इस्तेमाल करता है,तो इसके रखरखाव को लेकर सामुदायिक सदस्यों की रूचि किसी भी अन्य हितधारकों की अपेक्षा ज्यादा होती है।

एक सामुदायिक शौचालय खंड वहां के निवासियों के एक समूह या संपूर्ण आबादी के लिए एक साझेदारी वाली उपलब्ध सुविधा होता हैं। सामुदायिक शौचालय खंड प्रारंभिक रूप से उन निम्न आय वाली औपचारिक आबादी के लिए इस्तेमाल किया जाता है,जहां स्थान एवंध्अथवा भूमि बेहद सीमित होते हैं। ओएसएस प्रणाली की इस तरह के शौचालयों में आम तौर पर प्रवाहित करने वाला विकल्प होता है। धोने,नहाने तथा समुदाय के इस्तेमाल के लिए इस खंड में एक छोटी भट्टी जैसी सुविधाओं को उपलब्ध कराये जाने का भी सुझाव दिया जाता है (स्वच्छ भारत मिशन दिशा–निर्देश)।

इस प्राचल के लिए अंकों का श्रेणीकरण

सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव किस तरह किया जाता है ?	
समुदाय द्वारा रखरखाव	23
तीसरे पक्षधनिजी ठेकेदार द्वारा रखरखाव	14
नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा रखरखाव	7
कोई रखरखाव नहीं	0

शहरी स्थानीय निकाय से सहायक दस्तावेज

साक्ष्य के रूप में शहरी स्थानीय निकाय को निम्नलिखित दस्तावेज उपलब्ध कराना चाहिए ,

- सभी सामुदायिक शौचालयों के लिए स्थानों में रखरखाव हेतु समुदाय के साथ समझौताध्समझौता ज्ञापन
- सामुदायिक शौचालय में संलग्न कर्मचारियों के लिए तीसरे पक्ष के रखरखाव संविदाध्गतिविधियों का हिसाब किताब रखना।

अंक को अधिकतम करने के लिए शहरी स्थानीय निकाय को क्या करना चाहिए ?

- शहरी स्थानीय निकायों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शहर में सभी मौजूदा सामुदायिक शौचालयों का रखरखाव या तो इस्तेमाल कर रहे समुदायों द्वारा या एक सेवा संविदा द्वारा या फिर अपने कर्मचारियों द्वारा कराया जाए
- शहरी स्थानीय निकायों को सामुदायिक शौचालय के रखरखाव के लिए मौजूदा सीबीओध्स्वयं सहायता समूहों के साथ संलग्न होना चाहिए।

- स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित किये जाने वाले सभी नये सामुदायिक शौचालयों का निर्माण तथा यहां तक कि रखरखाव में भी समुदाय की संलग्नता एवं भागीदारी होनी चाहिए।
- शहरी स्थानीय निकायों को सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव के लिए समुदायध्सीबीओ के साथ समझौता करना चाहिए।इसके बदले सीबीओ देखरेख करने वाले तथा सफाई करने वाले अधिकारियों कोन नियुक्त करेगा तथा वही इस्तेमाल करने वालों से शुल्क वसूलेगा,रखरखाव का हिसाब किताब रखेगा तथा उसी के संरक्षण में सफाई वाली वस्तु तथा उपकरण होंगे।
- रखरखाव के लिए सभी संविदाएं कम से कम पांच सालों के लिए होंगी।
- उन जगहों पर जहां समुदाय के सदस्यों के बीच तनाव पैदा होता है,वहां के कार्यों को संपन्न करने के लिए निजी ठेकेदारों की मदद ली जा सकती है।निजी एजेंसियों के साथ होने वाली संविदा में स्पष्ट रूप से इस्तेमाल किये जाने की शुल्क का जिक्र होगा तथा समुदाय से वसूले जाने का उल्लेख होगा।
- शहरी स्थानीय निकाय आंध्रप्रदेश सरकार के स्वच्छ आंध्र निगम द्वारा जारी सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचालयों की दिशानिर्देश का उल्लेख कर सकता है। इस दिशानिर्देश को अनुलग्नक पुस्तिका के अनुलग्नक में देखा जा सकता है।
- सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव के लिए समुदाय के सदस्यों को साथ जोड़ने वाली सभी तरह की पहल के लिए पुणे के शौचालय पर ई–कोर्स ट्यूटोरियल को देखें Ahttp://swachhbharat-cloudapp-net/home/course/3?lessonid=00009

वित्त

- शहरी स्थानीय निकाय इन सामुदायिक शौचालयों के संचालन तथा रखरखाव के आंशिक वित्तपोषण के लिए 14वें वित्त आयोग के तहत संयुक्त अनुदान का इस्तेमाल कर सकते हैं। शहरी स्थानीय निकाय इस्तेमाल करने वाले परिवारों से मासिक आधार पर इस्तेमाल के एवज में कुछ शुल्क लेने को लेकर सीबीओ को अनुमति देनी चाहिए ताकि इससे शौचालयों के संचालन एवं रखरखाव पर खर्च होने वाली राशि की आपूर्ति की जा सके।

1.3.8. सुरक्षित अपशिष्ट जल तथा निस्तार प्रणाली से जुड़े सार्वजनिक शौचालयों का विस्तार

उद्देश्य और परिभाषा

इस प्राचल का उद्देश्य उन सार्वजनिक शौचालयों की प्रतिशता का आकलन करना है,जो सुरक्षित निस्तारण प्रणाली से जुड़े हुए हैं।

एक सुरक्षित निस्तारण प्रणाली का अर्थ एक केन्द्रीकृत पारंपरिक निकास संजाल या यथास्थल स्वच्छता प्रणाली (जुड़वा गड्ढा/सोक पिट से जुड़ा सुरक्षित टैंक या लघु खुदाई प्रणाली या जैव पाचक या एक वैध स्वच्छता प्रणाली) से जुड़े सार्वजनिक शौचालय से है।

मौजूदा प्रौद्योगिकी के विकल्पों के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए कि वो साफ–सफाई वाले हैं या नहीं, इसके लिए शहरी प्रबंधन केन्द्र, अहमदाबाद द्वारा तैयार फ्लैश कार्ड को देखें (अनुलग्न पुस्तिका के अनुलग्नक ।ब को देखें)

(शहर में निकास प्रणाली या यथास्थल निस्तारण प्रणाली से जुड़े शौचालयों की संख्या /कुल शौचालयों की संख्या)*100

इस प्राचल के लिए अंकों का श्रेणीकरण

निकास संजालों/सुरक्षित यथास्थल निस्तारण प्रणाली से जुड़े शौचालयों का प्रतिशत	
100%	6
75–99:%	5
50–74%	3
25–49%	2
<25%	0

शहरी स्थानीय निकाय से सहायक दस्तावेज

साक्ष्य के रूप में शहरी स्थानीय निकाय द्वारा निम्नलिखित दस्तावेज उपलब्ध कराया जाना चाहिए,

- सार्वजनिक शौचालयों की कुल संख्या की सूची,
- क्षेत्र के सफाई निरीक्षक द्वारा पुष्ट किये गए निकास/सुरक्षित यथास्थल निस्तारण से जुड़े शौचालयों की सूची,या
- अगर शहरी स्थानीय निकाय ने शौचालयों के निर्माण के लिए बाहरी कुशलता की सहायता ली है,तो अनुसरित संचालक द्वारा उपचार की रूपरेखा तथा निस्तारण विकल्प की कॉपी

अपने अंकों को अधिकतम करने के लिए शहरी स्थानीय निकाय को क्या करना चाहिए ?

- शहरी स्थानीय निकायों को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी मौजूदा सार्वजनिक शौचालय सुरक्षित निस्तारण प्रणाली से जुड़ा हुआ है।शहरी स्थानीय निकायों को एक त्वतरित अंकेक्षण भी इस बात की छानबीन के लिए कराना चाहिए कि इस तरह की सुविधाओं से ये शौचालय जुड़े हुए हैं या नहीं, इसमें सुरक्षित निस्तारण प्रणाली है कि नहीं तथा शहर के निकास प्रणाली या एक सुरक्षित यथस्थल प्रणाली से ये शौचालय जुड़े हुए हैं या नहीं।

- स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित सभी सार्वजनिक शौचालय को आवश्यक रूप से सुरक्षित निस्तारण प्रणाली से जुड़ा होना चाहिए।

वित्त

- अगर शहरी स्थानीय निकाय अमृत मिशन के अंतर्गत चयनित 500 शहरी स्थानीय निकाय के हिस्से हैं,तो वो अपने निकास संजाल या यथास्थल निस्तारण प्रणाली के विस्तार के लिए वित्तपोषण की राशि प्राप्त कर सकते हैं। शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्रस्तावित कुल वार्षि बजट की 80 प्रतिशत राशि केन्द्र द्वारा परियोजना कोष के रूप में, 10 प्रतिशत सुधारों के लिए प्रोत्साहन राशि के रूप में तथा 10 प्रतिशत प्रशासनिक एवं संचालन तथा रखरखाव पर आने वाले खर्च के रूप में दी जाती है।
- अगर शहरी स्थानीय निकाय चयनित 100 स्मार्ट सिटी के हिस्से हैं तथा इनमें से कुछ शौचालय अगर क्षेत्र आधारित विकास परियोजनाओं के अंतर्गत आते हैं,तो शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्र आधारित विकास परियोजनाओं के अंतर्गत उन्नयन के लिए कोष हासिल कर सकते हैं।
- शहरी स्थानीय निकाय निकास संजाल या यथास्थल निस्तारण प्रणाली के निर्माण के लिए 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त होने वाले संयुक्त बुनियादी अनुदान भी प्राप्त कर सकते हैं।

1.3.9. सुरक्षित अपशिष्ट जल तथा निस्तार प्रणाली से जुड़े सार्वजनिक शौचालयों का विस्तार स्तार प्रणाली से जुड़े सार्वजनिक शौचालयों का विस्तार

उद्देश्य और परिभाषा

इस प्राचल का उद्देश्य उन सार्वजनिक शौचालयों की प्रतिशता का आकलन करना है,जो सुरक्षित निस्तारण प्रणाली से जुड़े हुए हैं।

एक सुरक्षित निस्तारण प्रणाली का अर्थ एक केन्द्रीकृत पारंपरिक निकास संजाल या यथास्थल स्वच्छता प्रणाली(जुड़वा गड्ढा/सोक पिट से जुड़ा सुरक्षित टैंक या लघु खुदाई प्रणाली या जैव पाचक या एक वैध स्वच्छता प्रणाली) से जुड़े सार्वजनिक शौचालय से है।

मौजूदा प्रौद्योगिकी के विकल्पों के बारे में ज्यादा जानकारी के लिए कि वो साफ–सफाई वाले हैं या नहीं, इसके लिए शहरी प्रबंधन केन्द्र, अहमदाबाद द्वारा तैयार फ्लैश कार्ड को देखें (अनुलग्न पुस्तिका के अनुलग्नक AC को देखें)

(शहर में निकास प्रणाली या यथास्थल निस्तारण प्रणाली से जुड़े शौचालयों की संख्या ध्कुल शौचालयों की संख्या)*100

इस प्राचल के लिए अंकों का श्रेणीकरण

निकास संजालों/सुरक्षित यथास्थल निस्तारण प्रणाली से जुड़े शौचालयों का प्रतिशत	
100%	6
75–99%	5
50–74%	3
25–49%	2
<25%	0

शहरी स्थानीय निकाय से मिलने वाले सहायक दस्तावेज

साक्ष्य के रूप में शहरी स्थानीय निकाय द्वारा निम्नलिखित दस्तावेज उपलब्ध कराया जाना चाहिए,

- क्षेत्र के सफाई निरीक्षक द्वारा पुष्ट किये गए निकास/सुरक्षित यथास्थल निस्तारण से जुड़े शौचालयों की सूची या
- अगर शहरी स्थानीय निकाय ने शौचालयों के निर्माण के लिए बाहरी कुशलता की सहायता ली है, तो अनुसरित संचालक द्वारा उपचार की रूपरेखा तथा निस्तारण विकल्प की कॉपी

अपनी प्राप्ति को अधिकतम करने के लिए शहरी स्थानीय निकायों को क्या करना चाहिए ?

- शहरी स्थानीय निकायों को सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी मौजूदा सार्वजनिक शौचालय सुरक्षित निस्तारण प्रणाली से जुड़ा हुआ है।शहरी स्थानीय निकायों को एक त्वतरित अंकेक्षण भी इस बात की छानबीन के लिए कराना चाहिए कि इस तरह की सुविधाओं से ये शौचालय जुड़े हुए हैं या नहीं,इसमें सुरक्षित निस्तारण प्रणाली है कि नहीं तथा शहर के निकास प्रणाली या एक सुरक्षित यथास्थल प्रणाली से ये शौचालय जुड़े हुए हैं या नहीं।

- स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित सभी सार्वजनिक शौचालय को आवश्यक रूप से सुरक्षित निस्तारण प्रणाली से जुड़ा होना चाहिए।

वित्त

- अगर शहरी स्थानीय निकाय अमृत मिशन के अंतर्गत चयनित 500 शहरी स्थानीय निकाय के हिस्से हैं,तो वो अपने निकास संजाल या यथास्थल निस्तारण प्रणाली के विस्तार के लिए वित्तपोषण की राशि प्राप्त कर सकते हैं। शहरी स्थानीय निकाय द्वारा प्रस्तावित कुल वार्षि बजट की 80 प्रतिशत राशि केन्द्र द्वारा परियोजना कोष के रूप में, 10 प्रतिशत सुधारों के लिए प्रोत्साहन राशि के रूप में तथा 10 प्रतिशत प्रशासनिक एवं संचालन तथा रखरखाव पर आने वाले खर्च के रूप में दी जाती है।
- अगर शहरी स्थानीय निकाय चयनित 100 स्मार्ट सिटी के हिस्से हैं तथा इनमें से कुछ शौचालय अगर क्षेत्र आधारित विकास परियोजनाओं के अंतर्गत आते हैं,तो शहरी स्थानीय निकाय क्षेत्र आधारित विकास परियोजनाओं के अंतर्गत उन्नयन के लिए कोष हासिल कर सकते हैं।
- शहरी स्थानीय निकाय निकास संजाल या यथास्थल निस्तारण प्रणाली के निर्माण के लिए 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त होने वाले संयुक्त बुनियादी अनुदान भी प्राप्त कर सकते हैं।

1.3.10.सार्वजनिक शौचालयों की आईसीटी आधारित निगरानी

उद्देश्य और परिभाषा

यह प्राचल इस बात की जांच करता है कि शहरी स्थानीय निकाय ने शहर में सार्वजनिक शौचालयों के इस्तेमाल का अनुशरण के लिए किसी प्रणाली/उपकरण को स्थापित किया है कि नहीं। इस तरह के तौर तरीके या तो आईसीटी उपकरणों के इस्तेमाल के जरिये हो सकता है या गैर मशीनी हो सकती है। लेकिन आईसीटी आधारित ट्रैकिंग प्रणाली लगाने वाले को ही ज्यादा महत्व दिया जाता है।

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) की परिभाषा सभी तरह के उपायों, उपकरणों, विषय सामग्रियों, संसाधनों, मंचों, डिजिटल तथा डिजिटल रूप के जरिये बदले जा सकने वाले सभी तरीकों के रूप में की जाती है। (स्रोत : स्कूली शिक्षा, मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय, 2012 में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) पर राष्ट्रीय नीति)

आईसीटी पर आधारित उपकरण नागरिकों को आस–पास के शौचालयों की खोज करने में मदद करने के काबिल बनाये तथा उन्हें किसी मोबाइल ऐप के जरिये विभिन्न प्राचलों पर आकलन करे। गैर मशीनी ट्रैकिंग के लिए सार्वजनिक शौचालयों के इस्तेमाल करने वालों के रिकॉर्ड रखने वाली एक पुस्तिका तो कम से कम होनी ही चाहिए तथा उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए फीडबैक फॉर्म को रखने के लिए एक ड्रॉप बॉक्स भी होना चाहिए।

इस प्राचल के लिए अंकों का श्रेणीकरण

सार्वजनिक शौचालयों के इस्तेमाल का कैसे पचा लगता है ?	
आईसीटी/प्रौद्योगिकी उपकरण द्वारा पता	6
गैर प्रौद्योगिकी प्रणाली द्वारा पता	4
किसी तरह का अता–पता नहीं	0

शहरी स्थानीय निकाय से हासिल होते सहायक दस्तावेज

शहरी स्थानीय निकाय को साक्ष्य के रूप में निम्नलिखित दस्तावेज उपलब्ध कराना चाहिए रू

- डाउनलोड किये जाने वाले लिंक के साथ मोबाइल ऐप का स्क्रीनशॉट
- सार्वजनिक शौचालय के उपयोग करने वालों के हिसाब–किताब की कॉपी तथा पिछले तीन महीनों में शहर भर के शौचालयों का इस्तेमाल करने वालों की संख्या
- उपयोगकर्ता (नमूने के रूप में) द्वारा जमा किये गए फीडबैक फॉर्म की कॉपी

अपनी अधिप्राप्ति को अधिकतम करने के लिए शहरी स्थानीय निकाय को क्या करना चाहिए ?

- सभी मौजूदा तथा नवीनतम निर्मित सार्वजनिक शौचालयों के लिए शहरी स्थानीय निकाय को आईसीटी आधारित या पता लगाने वाली गैर प्रौद्योगिकी प्रणाली के साथ जोड़ना चाहिए।
- कम से कम शहरी स्थानीय निकाय को एक नियम पारित करना चाहिए,जिसमें यह उल्लेख हो कि सार्वजनिक शौचालयों के सभी संचालक उपयोगकर्ता तथा उनकी शिकायतों का रिकॉर्ड रखे।

- सभी शौचालयों की श्रेणी की समीक्षा नियमित रूप से होना चाहिए तथा श्रेणी के उन्नयन के लिए आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिए।
- अपने आस–पड़ोस में शौचालयों का पता लगाने तथा उसकी श्रेणी को चिह्नित करने हेतु नागरिकों के लिए एक मोबाइल ऐप का विकास किया जाना चाहिए। शहरी स्थानीय निकाय स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्य के कार्यान्वयन के लिए नागरिकों तथा नगर निगम के अधिकारियों को लक्ष्य बनाकर विभिन्न मोबाइल तथा वेब एप्लीकेशन को विकसित करने के लिए शहरी विकास मंत्रालय तथा नागरिता एवं लोकतंत्र के लिए जनाग्रह केन्द्र के बीच समझौता ज्ञापन का उल्लेख कर सकता है। जनाग्रह शहरी स्थानीय निकायों की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न भाषाओं में मोबाइल एप्लीकेशन बनायेगा तथा इसके लिए उन्हें कोई शुल्क बी नहीं देना होगा। इस समझौता ज्ञापन को अनुलग्नक पुस्तिका के अनुल्गनक ।क में देखा जा सकता है।
- जो शहरी स्थानीय निकाय आईसीटी उपकरण बनाने में स्वयं को सहज नहीं पाते हैं,उन्हें प्रत्येक शौचालय पर फीडबैक फॉर्म(ओएमआर–ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन टाइप) भी अलग से दिया जायेगा। इस फॉर्म को साप्ताहिक रूप से इकट्ठा किया जायेगा तथा डिजिटल रूप से कायम रखने के लिए उसका स्कैन किया जायेगा।
- इस तरह के उपयोगकर्ता फीडबैक के लिए निजी ठेकेदार (प्रदर्शन आधारित भुगतान) के साथ कुछ भुगतान करके अनुबंध किया जा सकता है ।

वित्त

- जो शहरी स्थानीय निकाय 100 स्मार्ट सिटी के हिस्से हैं, वो मौजूदा शौचालय आधारभूत संरचना के स्मार्ट समाधान के उपयोग करने के लिए समस्त नगर विकास घटक के अंतर्गत राशि प्राप्त कर सकते हैं। तदनुसार,स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत शहर द्वारा प्राप्त राशि का 5 प्रतिशत का उपयोग तैनाती तथा स्मार्ट हल के सृजन के लिए किया जा सकता है।
- वो शहरी स्थानीय निकाय जो 100 स्मार्ट सिटी के हिस्से नहीं हैं, वो 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त बुनियादी संयुक्त कोश का इस्तेमाल कर सकते हैं।

अन्य शहरी स्थानीय निकायों से अग्रणी तौर–तरीकों की प्रेरणा

सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचालयों का पता लगाने वाले ऐप दृ दिल्ली का मामला

'फाइंड ग ट्वालेट' नामक ऐप की शुरुआत स्वच्छ भारत कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में की गई है।इस एंड्रॉयड ऐप का विकास एक युवा सलाहकार द्वारा किया गया है तथा इसका इस्तेमाल शौचालय के निकटतम स्थान तथा उसकी सुविधाओं की श्रेणी का पता लगाने के लिए किया जाता है। इस ऐप में शौचालय की श्रेणियों,निशुल्क या सशुल्क,मॉल्सध्शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा पेट्रोल पंप जैसी 1000 पहलू बताने वाली विशेषताएं हैं। इस समय,इसका इस्तेमाल दिल्ली में हो रहा है।इस ऐप को उपयोगकर्ता निशुल्क डाउनलोड कर सकता है तथा अद्यतन किये गए स्थान के बारे में आसानी से पता कर सकता है।



चित्र 17: मोबाइल ऐप का स्नेपशॉट

स्रोत : इवान मेहता (2016)। मूत्र त्याग के अलावे यह ऐप निकटतम शौचालय का पता लगाने में मदद करता है। हफपोस्ट इंडिया द्वारा 9 मार्च 2016 को पोस्ट किया गया।

1.3.11.सामुदायिक शौचालयों की आईसीटी आधारित निगरानी

उद्देश्य और परिभाषा

यह प्राचल इस बात की जांच करता है कि शहरी स्थानीय निकाय ने शहर में सार्वजनिक शौचालयों के इस्तेमाल का अनुसरण के लिए किसी प्रणालीध्उपकरण को स्थापित किया है कि नहीं। इस तरह के तौर तरीके या तो आईसीटी उपकरणों के इस्तेमाल के जरिये हो सकता है या गैर मशीनी हो सकती है।लेकिन आईसीटी आधारित ट्रैकिंग प्रणाली लगाने वाले को ही ज्यादा महत्व दिया जाता है।

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) की परिभाषा सभी तरह के उपायों, उपकरणों, विषय सामग्रियों, संसाधनों, मंचों, डिजिटल तथा डिजिटल रूप के जरिये बदले जा सकने वाले सभी तरीकों के रूप में की जाती है। (स्रोत : स्कूली शिक्षा, मानव संसाधन एवं विकास मंत्रालय,2012 में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) पर राष्ट्रीय नीति)

आईसीटी पर आधारित उपकरण नागरिकों को आस–पास के शौचालयों की खोज करने में मदद करने के काबिल बनाये तथा उन्हें किसी मोबाइल ऐप के जरिये विभिन्न प्राचलों पर आकलन करे। गैर मशीनी ट्रैकिंग के लिए सार्वजनिक शौचालयों के इस्तेमाल करने वालों के रिकॉर्ड रखने वाली एक पुस्तिका तो कम से कम होनी ही चाहिए तथा उनकी प्रतिक्रिया जानने के लिए फीडबैक फॉर्म को रखने के लिए एक ड्रॉप बॉक्स भी होना चाहिए।

इस प्राचल के लिए अंकों का श्रेणीकरण

संचार प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से कैसे पता लगाया जाता है ?	
आईसीटी/प्रौद्योगिकी उपकरणों द्वारा पता लगाना	6
गैर प्रौद्योगिकी प्रणाली द्वारा पता लगाना	4
कोई अता–पता नहीं	0

शहरी स्थानीय निकाय से प्राप्त सहायक दस्तावेज

शहरी स्थानीय निकाय को साक्ष्य के रूप में निम्नलिखित दस्तावेज उपलब्ध कराना चाहिए

- डाउनलोड किये जाने वाले लिंक के साथ मोबाइल ऐप का स्क्रीनशॉट
- सार्वजनिक शौचालय के उपयोग करने वालों के हिसाब–किताब की कॉपी तथा पिछले तीन महीनों में शहर भर के शौचालयों का इस्तेमाल करने वालों की संख्या
- उपयोगकर्ता (नमूने के रूप में) द्वारा जमा किये गए फीडबैक फॉर्म की कॉपी

अपने विस्तार को अधिकतम करने के लिए शहरी स्थानीय निकाय को क्या करना चाहिए ?

- सभी मौजूदा तथा नवीनतम निर्मित सार्वजनिक शौचालयों के लिए शहरी स्थानीय निकाय को आईसीटी आधारित या पता लगाने वाली गैर प्रौद्योगिकी प्रणाली के साथ जोड़ना चाहिए।
- कम से कम शहरी स्थानीय निकाय को एक नियम पारित करना चाहिए,जिसमें यह उल्लेख हो कि सार्वजनिक शौचालयों के सभी संचालक उपयोगकर्ता तथा उनकी शिकायतों का रिकॉर्ड रखे।

- सभी शौचालयों की श्रेणी की समीक्षा नियमित रूप से होना चाहिए तथा श्रेणी के उन्नयन के लिए आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिए।
- अपने आस–पड़ोस में शौचालयों का पता लगाने तथा उसकी श्रेणी को चिह्नित करने हेतु नागरिकों के लिए एक मोबाइल ऐप का विकास किया जाना चाहिए। शहरी स्थानीय निकाय स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्य के कार्यान्वयन के लिए नागरिकों तथा नगरनिगम के अधिकारियों को लक्ष्य बनाकर विभिन्न मोबाइल तथा वेब अप्लीकेशन को विकसित करने के लिए शहरी विकास मंत्रालय तथा नागरिता एवं लोकतंत्र के लिए जनाग्रह केन्द्र के बीच समझौता ज्ञापन का उल्लेख कर सकता है। जनाग्रह शहरी स्थानीय निकायों की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न भाषाओं में मोबाइल अप्लीकेशन बनायेगा तथा इसके लिए उन्हें कोई शुल्क बी नहीं देना होगा। इस समझौता ज्ञापन को अनुलग्नक पुस्तिका के अनुल्लानक ।क में देखा जा सकता है।
- जो शहरी स्थानीय निकाय आईसीटी उपकरण बनाने में स्वयं को सहज नहीं पाते हैं, उन्हें प्रत्येक शौचालय पर फीडबैक फॉर्म (ओएमआर–ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन टाइप) भी अलग से दिया जायेगा। इस फॉर्म को साप्ताहिक रूप से इकट्ठा किया जायेगा तथा डिजिटल रूप से कायम रखने के लिए उसका स्कैन किया जायेगा।
- इस तरह के उपयोगकर्ता फीडबैक के लिए निजी ठेकेदार(प्रदर्शन आधारित भुगतान) के साथ कुछ भुगतान करके अनुबंध किया जा सकता है ।

वित्त

- जो शहरी स्थानीय निकाय 100 स्मार्ट सिटी के हिस्से हैं,,वो मौजूदा शौचालय आधारभूत संरचना के स्मार्ट समाधान के उपयोग करने के लिए समस्त नगर विकास घटक के अंतर्गत राशि प्राप्त कर सकते हैं। तदनुसार, स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत शहर द्वारा प्राप्त राशि का 5 प्रतिशत का उपयोग तैनाती तथा स्मार्ट हल के सृजन के लिए किया जा सकता है।
- वो शहरी स्थानीय निकाय जो 100 स्मार्ट सिटी के हिस्से नहीं हैं,वो 14वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त बुनियादी संयुक्त कोश का इस्तेमाल कर सकते हैं।

अन्य शहरी स्थानीय निकायों से हासिल होते अग्रणी तौर तरीके

पूर्व में दिये गये पैरामीटर के केस को देखें।

Sintex
RMC
SJMMSVY
PROJECT
Sintex
RMC
SJMMSVY
PROJECT
Reno

व्यक्तिगत शौचालय

1.4. व्यक्तिगत शौचालय (कुल अंक 135)

इस भाग में व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण तथा उसके रखरखाव के बार में उल्लेख है। इसके लिए 6 प्राचल हैं तथा शहरी स्थानीय निकाय अधिकतम 135 अंक हासिल कर सकते हैं।

1.4.1. एसबीएम पोर्टल पर प्राप्त एप्लीकेशन का नवीनीकरण

उद्देश्य और परिभाषा

प्राचल इस बात का आकलन करने के लिए है कि क्या एसबीएम पोर्टल पर मौजूद उन व्यक्तिगत या निजी शौचालयों के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या के संदर्भ में शहरी स्थानीय निकायों ने अद्यतन किया है। शहरी स्थानीय निकायों ने अगर उसका अद्यतन किया है, तो उसे 'हां' में उत्तर देना चाहिए।

नियमित नवीनीकरण का अर्थ है कि प्रत्येक 15 दिनों में प्राप्त होने वाले आवेदनों का नवीनीकरण किया गया है।

इस प्राचल के लिए अंकों का श्रेणीकरण

क्या प्राप्त किये गए आवेदनों की संख्या का पोर्टल पर नवीनीकरण हुआ है ?	
हां	18
